* ओड़िशा संस्करण
19 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 90

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
03 दिन शेष

#HOCKEYINVITES
ENROUTETOPARIS

FIH
HOCKEY INDIA

# FIH HOCKEY OLYMPIC QUALIFIERS 2024 RANCHI

FREE ENTRY

## FIH HOCKEY OLYMPIC QUALIFIERS RANCHI 2024
**MARANG GOMKE JAIPAL SINGH ASTROTURF HOCKEY STADIUM, RANCHI**

### TODAY'S MATCHES

TIME: 10:30
Loser Match 13 VS Loser Match 14

TIME: 13:30
Winner Match 13 VS Winner Match 14

TIME: 16:30
Loser Match 15 VS Loser Match 16

TIME: 19:30
Winner Match 15 VS Winner Match 16

19 JANUARY 2024

# FINAL

19:30 ONWARDS

INDIA
WATCH LIVE ON
sports 18
JioCinema

STADIUM ENTRY
(FOR SPECTATORS)
08:30 am Onwards



HEMANT SOREN
Chief Minister, Jharkhand

GLOBAL PARTNERS
ODISHA INDIA'S BEST KEPT SECRET
Watch Hockey

NATIONAL PARTNERS
ODISHA INDIA'S BEST KEPT SECRET

GLOBAL SUPPLIER
polytan

NATIONAL SUPPLIERS
SHALBY DIVINE
Sportz

P.R. 316478 (IPRD) 23-24
INFORMATION & PUBLIC RELATIONS DEPARTMENT, JHARKHAND

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला-8

# नव्य अयोध्या: 1400 एकड़ में बन रहा नया शहर

## ■ अयोध्या में चल रहे 178 प्रोजेक्ट, लागत 30 हजार करोड़ रुपये

## ■ अध्यात्म से लेकर आर्थिक उदय का स्रोत बनेगी पवित्र अयोध्या

आजाद सिपाही विशेष

देश का राजनीतिक परिदृश्य परिवर्तित कर देनेवाली अयोध्या पांच सौ साल से परिवर्तन को तरस रही थी। पीढ़ियों का संघर्ष अब मंदिर निर्माण के रूप में फलित हो रहा है। मात्र चार वर्ष में ही अयोध्या विकास के उस पथ पर अग्रसर है, जिसकी कल्पना मुदित करती है। संकरी गलियों के जाल से मुक्त रामलला के दरबार का विस्तार हो चुका है। कभी जेलनुमा रास्तों से रामलला के दरबार में पहुंचना पड़ता था। वर्तमान में 90 फीट चौड़ा आधुनिक सुविधाओं से युक्त पथ आस्था की राह सुगम कर रहा है। रामनगरी हर उस सुविधा से सुसज्जित हो रही है, जो उसकी गरिमा के अनुकूल है। संत तो यहां तक कहते हैं कि अयोध्या का सुंदरीकरण या तो महाराज विक्रमादित्य ने कराया था या फिर अब हो रहा है। भई सकल सोभा कै खानी, अवधपुरी प्रभु आवत जानी, भई सकल सोभा कै खानि... रामचरित मानस की यह पंक्ति यहां साकार रूप ले रही है। लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम जब अयोध्या लौट रहे थे, तब उनके आगमन की खुशी में रामनगरी इस तरह सजायी गयी कि शोभा की खान हो गयी थी। 22 जनवरी को रामलला की नये मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा है। अयोध्या में इसका उल्लास भगवान राम के आगमन जैसा ही है। सरकार के प्रयासों से रामनगरी को इस तरह सजाया और संवारा जा रहा है, जो निकट भविष्य में पूरी दुनिया को आकर्षित करेगी। अयोध्या में कई तरह की परियोजनाएं आकार ले रही हैं, जिससे इस पवित्र नगरी का कायाकल्प हो गया है। अयोध्या के विकास के लिए पूरी हो चुकीं या चल रही परियोजनाओं के बारे में बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

यूपी में डबल इंजन की सरकार ने 2047 तक अयोध्या को 'नव्य अयोध्या' बनाने का टारगेट रखा है। इसके लिए यूपी हाउसिंग एंड डेवलपमेंट बोर्ड ने 1400 एकड़ में ग्रीन फील्ड टाउनशिप विकसित करने का प्लान बनाया है। इसे 'रामायण' थीम पर बसाया जायेगा। लखनऊ-फैजाबाद हाइवे के दोनों तरफ बन रही इस नयी अयोध्या में स्टेट गेस्ट हाउस, नये होटल, मठ, आवासीय अपार्टमेंट, ड्रेनेज सिस्टम, वाटर सप्लाई के साथ नये पावर स्टेशन भी बनेंगे। पुरानी अयोध्या से सात किलोमीटर दूर बसेगी 'नव्य अयोध्या'।

**क्या है नव्य अयोध्या विजन 2047 :** अगले 23 साल में अयोध्या को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने पर काम किया जा रहा है। मंदिर बनने के बाद दूसरे से लोगों का यहां आना तेजी से बढ़ेगा। भीड़ को मैनेज करने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। बाहर से आने वाली सड़कों को फोर लेन किया जा रहा है। आवास विकास परिषद भी एक नयी सिटी बसाने पर काम कर रहा है। इस योजना में कुल 540 एकड़ की जमीन की जरूरत पड़ेगी। इसमें 90 फीसदी जमीन सरयू किनारे बसे गांवों से ली गयी है।

**अयोध्या में ही अयोध्या की तरह नया शहर :** नव्य अयोध्या प्रोजेक्ट में बन रही नयी टाउनशिप की परिकल्पना बिल्कुल नयी है। यहां शहर के अंदर नया शहर बसाया जा रहा है। इसमें पहले से तय होगा कि कितने क्षेत्र में ग्रीनरी रहेगी, कितना भाग कॉमर्शियल लैंड के लिए रहेगा। नयी अयोध्या दो फेज में बनायी जायेगी। नवंबर में इसके पहले फेज का काम शुरू होगा।

**70 किलोमीटर लंबा रिंग रोड :** जिला प्रशासन राम मंदिर के उद्घाटन के बाद पर्यटक आकर्षण बढ़ाने पर भी काम कर रहा है। इसके लिए 70 किमी लंबा आउटर रिंग रोड बन रहा है। 3935 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह सड़क यूपी के तीन जिलों, अयोध्या, बस्ती और गोंडा से गुजरेगी। रिंग रोड बनने के बाद अयोध्या आने वाली ट्रैफिक पहले से कहीं ज्यादा सुगम हो जायेगी।

नयी टाउनशिप में सिर्फ भारत के राज्यों के ही नहीं, दूसरे देशों के गेस्ट हाउस भी रहेंगे। अब तक न्यू अयोध्या टाउनशिप में नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण कोरिया ने अपने गेस्ट हाउस के लिए पांच-पांच एकड़ जमीन मांगी है। नव्य अयोध्या का इंफ्रास्ट्रक्चर पुराने शहर से बिल्कुल अलग होगा। इससे अयोध्या के साथ-साथ यूपी की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

## 37 करोड़ रुपये में मल्टीलेवल पार्किंग

राम मंदिर उद्घाटन के बाद शहर में आने वाले वाहनों के लिए 37.08 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग बनायी जा रही है। एक पार्किंग साकेत पेट्रोल पंप के पास है। बाकी दो टेढ़ी बाजार के पास हैं। इनके निर्माण का काम 95 फीसदी पूरा हो गया है। 22 जनवरी, 2024 से पहले इन्हें पूरा करना है, इसीलिए दिन-रात काम चल रहा है। इन पार्किंग में 282 चार पहिया और 300 बाइक पार्क हो सकेंगी। इसी में 20 से 25 दुकानें और कैंटीन भी होंगी। राज्य स्मार्ट सिटी योजना का फोकस शहर में पांच मल्टीलेवल पार्किंग बनाने, पब्लिक टॉयलेट के साथ-साथ लोगों को ठहरने की भी सुविधाएं देने पर है। अयोध्या के आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व को बरकरार रखने लिए पुराने मठ और धर्मशालाओं का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। सरयू किनारे पुराने घाटों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। राम की पैड़ी पर आगंतुक गैलरी, राम की पैड़ी से राजघाट तक और राजघाट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ बनवाया जा रहा है। गुप्तार घाट पर जटायु क्रूज की मरम्मत और सजावट का काम चल रहा है। जल्द ही इसे राम की पैड़ी तक चलाया जायेगा।

## सरयू नदी पर रिवर फ्रंट और ग्रीन फील्ड

अयोध्या की यात्रा पर आये लोग सरयू नदी पर जरूर जाते हैं। यहीं हर साल दीपोत्सव होता है। रोज शाम को छह बजे सरयू के नया घाट पर भव्य आरती होती है। घाट के किनारे रिवर फ्रंट और ग्रीन फील्ड तैयार किया जा रहा है। हालांकि, सरयू नदी सिर्फ टूरिस्ट स्पॉट नहीं, बल्कि अयोध्या के 1272 गांवों की लाइफलाइन भी है। सरयू किनारे कुल 14 प्रमुख घाट हैं। इसमें गुप्तार घाट, लक्ष्मण घाट, कैकेयी घाट, पापमोचन घाट, ऋणमोचन घाट, कौशल्या घाट, अहिल्याबाई घाट, जानकी घाट, जटायु घाट और नया घाट मशहूर हैं। इनमें आधे से ज्यादा अभी कच्चे हैं। इन्हें पक्का बनाने के लिए सरकार 39 करोड़ रुपये खर्च करने वाली है। अयोध्या पर्यटन विभाग नया घाट से लेकर गुप्तार घाट तक यूपी का सबसे लंबा घाट बनाने की तैयारी कर रहा है। इसमें करीब 232 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसकी लंबाई छह किमी होगी। दिसंबर 2020 में सिंचाई विभाग ने सरकार को इसका प्रस्ताव भेजा था।



## ताज ग्रुप फाइव स्टार होटल खोलेगा

राम मंदिर बनने के बाद कई बड़े होटल चेन भी अयोध्या आ रहे हैं। गोंडा और अयोध्या के बीच ताज ग्रुप ने फाइव स्टार होटल बनाने के लिए जमीन ली है। इसमें 100 कमरे वाला विवांता और 120 कमरों वाला जिंजर होटल खोला जायेगा। पुष्पराज चौराहे पर रेडिसन का पार्क इन होटल खुल चुका है। अयोध्या में आठ से 10 होटल बन चुके हैं। पूरे अयोध्या में अभी करीब 20 रजिस्टर्ड होटल हैं, जो टूरिस्ट बुकिंग ले रहे हैं।

## महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू, दो साल में 80 शहरों से कनेक्ट होगा

30 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। 6 जनवरी को यहां से दिल्ली के लिए नियमित उड़ान शुरू हो गयी है। 15 जनवरी से मुंबई और 16 जनवरी से अहमदाबाद के लिए उड़ान शुरू हो गयी है। एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने दो साल में इस एयरपोर्ट को देश के 80 बड़े शहरों से जोड़ने का टारगेट रखा है। यह एयरपोर्ट रामायण की थीम पर बना है। राम जन्मभूमि से एयरपोर्ट सिर्फ 10 किमी दूर है, यानी रामलला के दर्शन करने के बाद आधे घंटे में एयरपोर्ट पहुंचा जा सकता है। जन्मभूमि से लेकर एयरपोर्ट तक ऑटो का किराया एक सौ रुपये और ई-रिक्शे का किराया 50 रुपये है। अयोध्या को एयरपोर्ट से सीधे जोड़ने के लिए नया फ्लाइओवर भी बन रहा है। 2024 के आखिर तक यह तैयार हो जायेगा। इसके बाद हर रोज छह हजार लोग यहां से उड़ान भर सकेंगे। यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर वीआइपी लाउंज और वेटिंग एरिया, नौ चेक-इन काउंटर और तीन कन्वेयर बेल्ट बनाये गये हैं। टर्मिनल एरिया में दिव्यांगों के लिए अलग रैंप है। कार-बस और टैक्सी के लिए अलग-अलग पार्किंग एरिया हैं।

## हेलीकॉप्टर सुविधा शुरू की जायेगी

विमान सेवा के बाद जल्द ही काशी से अयोध्या तक हेलीकॉप्टर सुविधा शुरू की जायेगी। अभी इस प्रोजेक्ट पर पवन हंस कंपनी से बात चल रही है। मंजूरी मिलते ही लोग हेलीकॉप्टर से अयोध्या आ सकेंगे।

## अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का नया टर्मिनल

रेलवे स्टेशन के रिनोवेशन के बाद इसे अयोध्या धाम जंक्शन नाम दिया गया है। 30 दिसंबर, 2023 को स्टेशन का उद्घाटन कर दो अमृत भारत और छह नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू की गयी हैं। अभी स्टेशन के विकास का दूसरा फेज चल रहा है। इसमें तीन प्लेटफॉर्म कॉनकोर्स से कवर किये जा रहे हैं। स्टेशन के दक्षिणी कोने में साल 2025-26 तक एक नये टर्मिनल के साथ दो और प्लेटफॉर्म बना लिये जायेंगे। अयोध्या से फिलहाल रोजाना 52 ट्रेनें गुजरती हैं। राम मंदिर के उद्घाटन की वजह से अगले एक सौ दिन तक रेलवे यहां से एक हजार ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा है। ये ट्रेनें 19 जनवरी, 2024 से शुरू हो जायेंगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, मध्यप्रदेश और जम्मू-कश्मीर से भी ट्रेनें चलेंगी। रेलवे स्टेशन को राम मंदिर की तर्ज पर डिजाइन किया गया है। यहां यात्रियों को फूड प्लाजा, वेटिंग एरिया, लेडीज-जेंट्स डॉर्मेटरी, एसी रिटायरिंग रूम और इनफैंट केयर रूम जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## अयोध्या से चलेंगी 116 बसें, 11 शहरों तक सीधी बस सर्विस

अयोध्या आनेवाले श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज ने भी तैयारी कर रखी है। यहां दो बस अड्डे हैं। नये बस अड्डे से फिलहाल बसें नहीं चल रही हैं। फैजाबाद कैंट में पड़ने वाले पुराने बस स्टॉप से बसें मिल रही हैं। डिपो के पास कुल 112 रोडवेज और चार एसी बसें हैं, जो पूरे यूपी में चलती हैं। सरकार ने राम मंदिर बनने के दौरान न्यू कॉलोनी बिड़ला धर्मशाला के सामने से बस स्टेशन हटा कर लखनऊ-फैजाबाद नेशनल हाइवे पर शिफ्ट किया है। पुराने स्टेशन से लखनऊ, इलाहाबाद और सुल्तानपुर जाने वाली बसें अयोध्या धाम बस स्टॉप पर रुकती हैं। साल 2026 तक नये बस स्टॉप को शहर का मुख्य बस स्टेशन बनाने का प्लान है। 50 साल से ज्यादा पुराने अयोध्या बस स्टॉप से दिल्ली, कौशांबी, लखनऊ, कानपुर, कुशीनगर, आजमगढ़, रायबरेली, प्रयागराज, गोंडा, बस्ती और गोरखपुर के लिए सीधी बसें चलती हैं। दिल्ली रूट पर कौशांबी डिपो वाली बसें चलती हैं। शहर के अंदर जाने के लिए सिटी बसें चल रही हैं।

## राम पथ, जन्मभूमि पथ और भक्ति पथ, ये राम तक ले जाते हैं

**राम पथ**
अगर आप लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाइवे से सीधे राम जन्मभूमि मंदिर तक जाना चाहते हैं, तो यह रास्ता आपके लिए सही है। राम पथ सहादतगंज से नया घाट, यानी लता मंगेशकर चौक तक लगभग 13 किलोमीटर लंबा है।

**भक्ति पथ**
यह रास्ता राम पथ से बीच में कट जाता है। हनुमानगढ़ी तिराहे से लेकर राम जन्मभूमि तक भक्ति पथ बन रहा है। इसकी सबसे खास बात है कि इस पर आप राम लला के दर्शन के साथ-साथ हनुमानगढ़ी, कनक भवन और दशरथ महल भी जा सकते हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले इस रास्ते का काम पूरा हो जायेगा।

**जन्मभूमि पथ**
यही रास्ता राम मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार है। 800 मीटर लंबा यह रास्ता बिड़ला धर्मशाला से शुरू होकर राम जन्मभूमि परिसर तक जाता है। इस पथ पर श्रद्धालुओं के लिए शेड और लॉकर सुविधा मौजूद है। यहां की दीवारों पर रामायण के किरदारों को उकेरा गया है। यह रास्ता भी मंदिर उद्घाटन समारोह से पहले तैयार हो जायेगा।

## अयोध्या में ये तीन मंदिर भी जरूर देखें

वैसे तो अयोध्या में सात हजार मंदिर हैं, लेकिन तीन मंदिर अपनी सुंदरता और भव्यता के लिए जाने जाते हैं। इसमें सबसे पहले आता है कनक भवन, फिर हनुमान गढ़ी और आखिर में दशरथ महल। तीनों मंदिर राम जन्मभूमि के एक किलोमीटर के दायरे में हैं। अयोध्या में घूमने लायक अन्य जगहों में सीता रसोई, ठाकुर मंदिर, तुलसी स्मारक भवन, रामकथा पार्क, नया घाट, गुप्तार घाट और मोती महल हैं।

## अयोध्या में 50 मेगा प्रोजेक्ट पूरे, बाकी फाइनल स्टेज में

राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अयोध्या को भव्य बनाने के लिए सरकार ने एयरपोर्ट, अयोध्या धाम स्टेशन फेज-1, नयाघाट तक स्पाइन रोड जैसे 50 मेगा प्रोजेक्ट तैयार कर लिये हैं। इन पर करीब 4100 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। मेगा प्रोजेक्ट के अलावा अयोध्या में नयी टाउनशिप के लिए उत्तरप्रदेश हाउसिंग एंड डेवलपमेंट बोर्ड काम कर रहा है। 1200 एकड़ में बनने वाले इस प्रोजेक्ट में पावर स्टेशन, यात्री सुविधा केंद्र, मल्टीलेवल पार्किंग और कई होटल बनाये जा रहे हैं। इन सभी प्रोजेक्ट का काम फाइनल स्टेज पर है। अयोध्या में 30 बड़े होटलों को मंजूरी मिली थी। इनमें से तीन शुरू हो गये हैं। बाकी का काम चल रहा है। यहां चार सौ नये होटल बनाने का टारगेट मिला है। हाल में ताज ग्रुप ने अयोध्या में 5-स्टार होटल के लिए आवेदन किया है।

## जमीन के रेट 20 गुना बढ़े, होटल भी महंगे

2020 में राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से अयोध्या में जमीन के रेट 12 से 20 गुना बढ़ गये हैं। अयोध्या के स्टांप और रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के मुताबिक चौदह कोसी परिक्रमा के आसपास 1350 वर्गफीट जमीन की कीमत चार लाख रुपये से बढ़ कर 65 लाख रुपये के करीब पहुंच गयी है। ऐसा ही हाल राम जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, रामपथ कॉरिडोर के पास की खाली जमीनों का है। कुल मिला कर मंदिर के जितना पास जायेंगे, जमीन उतनी ही महंगी होती जायेगी। मंदिर के उद्घाटन से पहले होटलों में भी किराया बढ़ गया है। अयोध्या के 80 फीसदी होटलों में कमरे खाली नहीं हैं। मंदिर के पास बने होटलों में एक रात का किराया दो हजार से साढ़े तीन हजार रुपये हो चुका है। होम स्टे वालों ने भी रेट बढ़ा दिये हैं। सस्ते होटल में एक रात ठहरने का सबसे कम चार्ज 12 सौ रुपये तक है।

## अयोध्या के आसपास ये जगह भी हैं आकर्षक

इन दिनों भारत ही नहीं विश्व भर में सभी की निगाहें भव्य राम मंदिर पर हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला को स्थापित किया जायेगा। नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां जारी हैं। देश-विदेश से हिंदू राम मंदिर के दर्शन के लिए आना चाहते हैं। हालांकि 22 जनवरी को आमंत्रित किये गये मेहमानों को ही प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का मौका मिलेगा। लेकिन उसके बाद सभी श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति होगी। ऐसे में जो लोग अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन के लिए आ रहे हैं, वे राम मंदिर के अलावा भी यहां कई पर्यटन स्थलों की सैर कर सकते हैं। राम मंदिर के अलावा भी अयोध्या में घूमने के लिए बहुत सारी जगहें हैं।

### कनक भवन

अयोध्या में ही राम मंदिर के पास तुलसी नगर में कनक भवन स्थित है, जिसे सोने का घर भी कहते हैं। मान्यताओं के मुताबिक शादी के बाद श्रीराम और माता सीता इसी महल में रहते थे। इस महल का निर्माण किसी राजस्थानी किले के समान है।

### नागेश्वर नाथ मंदिर

अयोध्या में स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर के दर्शन के लिए भी जा सकते हैं। यह मंदिर शहर के प्रमुख पर्यटन स्थल थेरी बाजार के मध्य में स्थित है। कहते हैं कि इस मंदिर का निर्माण भगवान राम के पुत्र कुश ने कराया था। यहां भगवान शिव की पूजा होती है। महाशिवरात्रि के मौके पर काफी भीड़ लगती है।

### तुलसी स्मारक भवन

शहर में ही गोस्वामी तुलसीदास की याद में तुलसी स्मारक भवन भी बना है। कहते हैं कि भवन के स्थान पर ही तुलसीदास जी ने 16वीं सदी में रामचरितमानस की रचना की थी।

### गुलाब बाड़ी

नाम से ही स्पष्ट है कि यह गुलाबों और हरियाली से भरा बगीचा है। गुलाब बाड़ी वैदेही नगर में स्थित है। यह एक नेशनल हेरिटेज साइट है। इस स्थान पर अवध के तीसरे नवाब शुजाउद्दौला और उनके माता-पिता की कब्र है, जिसे 18वीं शताब्दी में बनवाया गया था।


## कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए किया था सीएम पद का त्याग

राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख किरदारों में कल्याण सिंह का नाम शुमार है, क्योंकि यही वह शख्स थे, जिन्होंने मंदिर के लिए मुख्यमंत्री का पद त्याग दिया था। भाजपा के कद्दावर नेता रहे कल्याण सिंह पढ़ाई-लिखाई को लेकर सख्त और अनुशासित सीएम के तौर पर याद किये जाते हैं। वह दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहे। वह पारदर्शी शिक्षा प्रणाली पर विश्वास करते थे। उत्तर प्रदेश के सीएम पद पर रहने के दौरान वह नकल अध्यादेश लेकर आये। उस दौरान नकल करने वालों को सीधा जेल होती थी। इसके अलावा उनको हिंदुत्व का नायक और राम मंदिर आंदोलन के नायक के तौर पर भी नवाजा गया।

**जन्म और शिक्षा :** उत्तर प्रदेश के अतरौली में 5 जनवरी 1932 को कल्याण सिंह का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम तेजपाल सिंह लोधी और मां का नाम सीता देवी था। कल्याण सिंह ने धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ से बीए एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। उनको संगीत और कबड्डी का काफी शौक था। राजनीति में प्रवेश से पहले कल्याण सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्णकालिक स्वयंसेवक थे। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने बतौर टीचर अपना करियर शुरू किया था।

**इन राज्यों के रहे राज्यपाल :** राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पद की जिम्मेदारी भी कल्याण सिंह को मिली थी। वहीं 4 सितंबर 2014 को उन्होंने राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली। इसके बाद साल 2015 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार संभाला था। कल्याण सिंह अपने पूरे जीवन में एक योद्धा की तरह रहे, लेकिन जीवन के आखिरी समय में उनको एक गंभीर बीमारी ने जकड़ लिया था, जिसकी वजह से उन्हें सांस लेने में काफी तकलीफ होती थी। इसलिए उनको इलाज के लिए लखनऊ स्थित एसपीजीआइ हॉस्पिटल में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया, लेकिन उनकी हालत में लगातार गिरावट होती रही। करीब डेढ़ महीने तक वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते रहे। अंततः 1 अगस्त 2021 को 89 साल की उम्र में कल्याण सिंह की मृत्यु हो गयी। कल्याण सिंह की इच्छा थी कि वह अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करें, लेकिन उनकी यह इच्छा अधूरी रह गयी। आज लोग उन्हें याद कर रहे हैं।

### राम मंदिर के लिए सीएम पद से इस्तीफा



साल 1975 में आपातकाल के दौरान कल्याण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उनको 21 महीने जेल में बिताने पड़े। जेल से वापस आने के बाद वह राजनीति में सक्रिय हो गये। राजनीति में कल्याण सिंह का नाम इस तेजी से चमका कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गये। इसके बाद एक दौर ऐसा आया, जब प्रदेश में बिगड़ते हालातों की जिम्मेदारी उनको अपने कंधों पर लेनी पड़ी। दरअसल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी विध्वंस के दौरान कल्याण सिंह राज्य के सीएम थे। इस घटना के बाद प्रदेश भर में हालात काफी बिगड़ गये। ऐसे में उन्होंने इस दुखद घटना की नैतिक जिम्मेदारी खुद पर लेते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। बाबरी विध्वंस के दौरान सीएम पद पर रहते हुए उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कारसेवकों पर किसी भी कीमत पर गोली चलाने की इजाजत नहीं दी थी। जब साल 1991 में वह उत्तर प्रदेश में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने एक ऐसा कानून लागू किया, जो काफी सख्त फैसले के तौर पर याद किया जाता है। वह फैसला नकल अध्यादेश लाने का फैसला रहा। उस दौरान राज्य के सीएम कल्याण सिंह थे, तो वहीं शिक्षा मंत्री राजनाथ सिंह थे। नकल अध्यादेश के लागू होने पर परीक्षा में नकल करने वाले लोगों को जेल भेजने वाले इस कानून ने उन्हें बोल्ड एडमिनिस्ट्रेटर बना दिया। यह दौर उत्तर प्रदेश में नकल करने वालों के लिए काल बन गया था। इन कानून के लागू होने के बाद से न सिर्फ नकल करने वाले, बल्कि वे बच्चे भी डर से कांपते थे कि कोई चीटिंग की पर्ची उनके पास न फेंक दे।

19 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 90




# मंदिर के गर्भगृह में स्थापित हुई रामलला की मूर्ति

- प्रधानमंत्री एक दिन पहले आ सकते हैं अयोध्या
- केंद्रीय संस्थानों में आधा दिन की छुट्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या/नयी दिल्ली।** अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का गुरुवार 18 जनवरी को तीसरा दिन था। रामलला गर्भगृह में पहुंच गये हैं। उनका जलावास हुआ। यानी उन्हें पानी में रखा गया है। इसके बाद सुगंधित जल में रखा गया। बाद में अनाज, फल और घी में रखा गया। इसके बाद आसन पर विराजमान करके 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। इससे पहले गर्भगृह में स्थापित होनेवाली रामलला की 200 किलो वजन की नयी मूर्ति को 17 जनवरी को जन्मभूमि मंदिर परिसर में लाया गया था। इस दौरान मूर्ति को परिसर भ्रमण कराना था, लेकिन भारी होने के कारण इसकी जगह रामलला की 10 किलो की चांदी की मूर्ति परिसर में घुमायी गयी। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले यानी 21 जनवरी को अयोध्या पहुंच सकते हैं। इसकी वजह प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त और मौसम बताया गया है। हालांकि, प्रशासन की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है।



### छह डाक टिकट जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के स्मारक डाक टिकट जारी किये हैं। डाक टिकट के साथ पीएम ने दुनिया भर में भगवान राम पर जारी डाक टिकटों की किताब भी लांच की। इस किताब में यूएन, अमेरिका, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा जैसे 20 से अधिक देशों के टिकट शामिल हैं। पीएम ने कुल छह डाक टिकट जारी किये, जिनमें भगवान गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के टिकट शामिल हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन देश के केंद्रीय संस्थानों में आधा दिन की छुट्टी रहेगी। इसको लेकर सरकार ने गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक सरकारी कार्यालयों और स्कूल-कॉलेजों में आधा दिन की छुट्टी रहेगी। इसके अलावा उत्तरप्रदेश, गोवा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत सात राज्यों में एक दिन की छुट्टी की घोषणा हुई है।




## न्यूज रील्स

### मणिपुर में पुलिस हेडक्वार्टर पर फायरिंग

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में उपद्रवियों ने बुधवार देर रात पुलिस हेडक्वार्टर पर हमला किया। उपद्रवी भीड़ की तरफ से की गयी फायरिंग में तीन जवान घायल हो गये। भीड़ ने पहले हेडक्वार्टर में दाखिल होने की कोशिश की थी। जब पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया, तो भीड़ के बीच से कुछ उपद्रवियों ने फायरिंग कर दी।

### आधार कार्ड जन्म का आधार नहीं होगा

नयी दिल्ली। एम्पलाई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (इपीएफओ) अब आधार कार्ड को जन्म तिथि के लिए वैलिड डॉक्यूमेंट नहीं मानेगा। इपीएफओ ने जन्म तिथि के लिए दस्तावेजों से आधार कार्ड को हटाने का फैसला यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के आदेश के बाद लिया है। यह केवल पहचान पत्र के लिए माना जायेगा।

### यात्रा के पांचवें दिन राहुल पहुंचे असम

कोहिमा। कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा के पांचवें दिन राहुल गांधी नगालैंड से असम पहुंचे। उन्होंने असम के शिवसागर जिले में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। भारत जोड़ा न्याय यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना भी है।

### पाकिस्तान ने इरानी हमले का दिया जवाब

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एयरफोर्स ने जवाबी कार्रवाई में इरान में बलूच लिबरेशन आर्मी के ठिकानों पर हवाई हमले किये हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज बलोच ने कहा कि ये कार्रवाई सभी खतरों के खिलाफ देश की रक्षा के लिए की गयी है। पाकिस्तान का दावा है कि उन्होंने कई आतंकियों को मार गिराया।

### सीएम हेमंत सोरेन को इडी के समन के खिलाफ

# आदिवासी संगठन आज देंगे महाधरना

- मुख्यमंत्री से 20 जनवरी को इडी के अधिकारी उनके आवास पर करेंगे पूछताछ


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई को लेकर झामुमो और आदिवासी संगठनों में नाराजगी है। संगठन के नेता और कार्यकर्ता पिछले दो दिनों से सड़कों पर उतर आये हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से झामुमो कार्यकर्ताओं के विरोध की सूचनाएं आ रही हैं। इन सबके बीच आदिवासी संगठनों ने राजभवन के सामने एकदिवसीय धरना देने का एलान किया है। ये संगठन शुक्रवार को राजभवन के सामने धरना देंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी को 20 जनवरी को अपने सरकारी आवास पर पूछताछ के लिए समय दिया है। झामुमो ने इडी पर मुख्यमंत्री को परेशान करने का आरोप लगाया है। इडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा था कि इडी की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ राज्य की जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि यही आक्रोश अब विरोध प्रदर्शन के रूप में निकल रहा है। हर जिले में लोग आक्रोशित हैं।

उधर, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि इडी की कार्रवाई के खिलाफ आदिवासी संगठनों में आक्रोश है। मुख्यमंत्री जनहित मे काम कर रहे। सरकार को अस्थिर करने के लिए साजिश रची जा रही है। 19 जनवरी को राजभवन के समक्ष होनेवाले धरने में एक दर्जन से अधिक आदिवासी संगठनों के लोग मौजूद रहेंगे। इस प्रदर्शन में केंद्रीय सरना समिति के अलावा अखिल भारतीय आदिवासी परिषद, 22 पड़हा क्षेत्रीय समिति, राजी पड़हा प्रार्थना सभा, आदिवासी सेना, हटिया विस्थापित मोर्चा समेत कई स्थानीय संगठन धरना में शामिल होंगे।

### साहिबगंज डीसी से इडी आज करेगी पूछताछ



रांची (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) शुक्रवार को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ करेगी। इससे पहले बीते 11 जनवरी को इडी ने रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। वह इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। उसके बाद इडी ने दूसरा समन भेज कर डीसी को 19 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। गौरतलब है कि 3 जनवरी को इडी ने साहिबगंज डीसी के आवास, कार्यालय और उनके राजस्थान स्थित आवास पर एक साथ छापेमारी की थी। रेड के दौरान साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के पास से लगभग आठ लाख रुपये के साथ-साथ नाइन एमएम पिस्टल के 21 कारतूस भी मिले थे।

### झील में नाव पलटने से 14 बच्चे और 2 शिक्षकों की मौत

**वडोदरा (आजाद सिपाही)।** गुजरात में वडोदरा के हरणी स्थित मोटनाथ झील में गुरुवार को नाव पलट गयी। इससे नाव में सवार 23 स्कूली बच्चे और चार टीचर झील में गिर गये। हादसे में 14 बच्चे और 2 शिक्षकों की मौत हो गयी। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने चार टीचर और 11 बच्चों को निकाल लिया। बताया जा रहा है कि न्यू सन राइज स्कूल के बच्चे बिना लाइफ जैकेट के नाव में सवार होकर झील में घूम रहे थे। हरणी झील हादसे के बाद राहत-बचाव एवं उपचार कार्य जारी है। राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख और घायलों को 50 हजार रुपय सहायता देने की घोषणा की है।

### धनबाद में कोयला कारोबारी के यहां आइटी छापा का दूसरा दिन

# तीन करोड़ कैश मिले, ज्वेलरी और लॉकर का भी पता चला

- संतोष साव को पूछताछ के लिए ले गये अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/धनसार/झरिया।** धनबाद के बड़े कोयला कारोबारी अनिल गोयल के लकी कोक इंडस्ट्री और लकी कोक मैन्यूफैक्चरिंग और दीपक पोद्दार के वसुधा उद्योग के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रही। अनिल गोयल और दीपक पोद्दार के अलावा सुरेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, साबिर आलम, पिंटू अग्रवाल, अनिल खेमका, राणा रंजीत सिंह आदि के ठिकाने भी खंगाले जा रहे हैं। सभी कोयला कारोबार से जुड़े हैं। अभी जांच जारी है। आयकर विभाग के सूत्रों ने अब तक कुल नकद तीन करोड़ रुपये बरामदगी की जानकारी दी है। इस दौरान ज्वेलरी, बैंक खाते एवं लॉकर भी मिले हैं, जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान जमीन में बड़े पैमाने पर निवेश से संबंधित साक्ष्य भी मिले हैं।

अनिल गोयल और दीपक पोद्दार के दर्जनभर पार्टनर और स्टाफ के भी ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। सभी जगहों पर कोयले के वैध-अवैध स्त्रोत की जांच की जा रही है। आयकर रिटर्न के मुकाबले मिले दस्तावेज से टैक्स चोरी के संकेत हैं। आयकर अधिकारी ने बताया कि कम से कम दो दिन और कार्रवाई चलेगी। छत्तीसगढ़ में अनिल गोयल के संबंधी के यहां भी छापेमारी हो रही है। आयकर विभाग की टीम ने कोयला कारोबारी के करीबी माने जानेवाले कर्मियों के यहां भी एक साथ कई जगहों पर दबिश दी है। झरिया थाना अंतर्गत लक्ष्मीनिया मोड़ निवासी पिंटू अग्रवाल और मोटियां पट्टी झरिया निवासी रवि रवानी और संतोष साव के यहां छापामारी की है। संतोष कुमार साव को टीम अपने साथ लेकर कर गयी।

# महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट में मानहानि का केस दर्ज

- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान के पार्टनर ने दर्ज की है याचिका
- कोर्ट ने धोनी को केस की जानकारी देने और सुनवाई के लिए 29 जनवरी का दिया समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट में मानहानि का केस दायर किया गया है। इस पर गुरुवार को सुनवाई हुई। यह सुनवाई जस्टिस प्रतिभा एम सिंह की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान धोनी के वकील ने अदालत को बताया कि धोनी के बिजनेस पार्टनर मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने यह याचिका दायर की है। मानहानि केस की जानकारी धोनी को नहीं दी गयी है। इस पर जस्टिस प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि दायर याचिका पर सुनवाई या दूसरी जानकारी लेने से पहले एमएस धोनी को बतायें कि उन पर उनके बिजनेस पार्टनर ने मानहानि का केस किया है। अदालत ने कहा कि प्रतिवादी संख्या एक यानी महेंद्र सिंह धोनी को केस की जानकारी देना उचित है। अदालत ने केस की जानकारी इ-मेल के जरिये भेजने का आदेश दिया है। इस मामले में अब सुनवाई के लिए अदालत ने 29 जनवरी की तारीख तय की है।


मिहिर दिवाकर | महेंद्र सिंह धोनी

गौरतलब है कि महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ उनके दोस्त और कारोबारी सहयोगी ने ही मानहानि का केस दर्ज किया है। केस आरका स्पोर्ट्स कंपनी के मालिक मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने किया है।

## एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स मैच

# जर्मनी और यूएसए के बीच फाइनल आज

- जर्मनी ने भारत को 'सडन डेथ' में हराया
- पहले सेमीफाइनल में यूएसए ने जापान को दी शिकस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स का फाइनल जर्मनी और यूएसए के बीच शुक्रवार को होगा। दोनों टीमों ने फाइनल में प्रवेश के साथ ही 2024 पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का कर लिया है। भारत और जर्मनी के बीच खेले गये रोमांचक सेमी फाइनल मुकाबले में भारत को हार का सामना करना पड़ा। फर्स्ट हॉफ तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। दूसरे हाफ में दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद मुकाबले का पेनल्टी शूटआउट भी 3-3 की बराबरी पर रहा। सडन डेथ के जरिये फैसला आया। पहले सडन डेथ में भारतीय टीम ने बराबरी हासिल की, लेकिन सडन डेथ में सविता बचाव नहीं कर सकीं और भारत को पराजय का सामना करना पड़ा। सेमी फाइनल मैच देखने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहुंचे थे।



पहले समेफाइनल यूएसए और जापान के बीच खेला गया। यूएसए ने 2-1 जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया। उधर, गुरुवार को पहले मुकाबले में चिली और इटली के बीच हुए मैच में पेनल्टी शूटआउट के बाद इटली ने चिली को 4-3 से हराया। दोनों टीम ने 2-2 से बराबरी कर लिया था। बाद में इटली ने पेनल्टी शूटआउट में 2 गोल किये जबकि चिली की टीम एक ही गोल कर पायी। वहीं, दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने चेक रिपब्लिक को 2-0 से हराया।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## ठंड से बचाव
### सामान्य जानकारी व सलाह



**यह अवश्य करें:**
- जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें (विशेषकर वृद्ध एवं बच्चे)।
- पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।
- दस्ताने, जूते, मोजे, टोपी अथवा मफलर का इस्तेमाल करें।
- आँखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्में का इस्तेमाल करें।
- कमरे को गर्म रखने के लिए घर में हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी व सतर्कता के साथ करें।

**खाने का ध्यान रखें:**
- पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें।
- यथासंभव गर्म एवं गुनगुना पानी पीयें।
- ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें।
- उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

### बच्चों को ठंड से बचाव हेतु सलाह

- ठंड में बच्चों का विषेश ध्यान रखें। बच्चें को ठंडी हवा से बचाएं एवं अधिक देर ठंड में न रहने दें।
- बच्चों के सर, गला, छाती तथा हाथ–पाँव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें।
- बच्चों को एक के ऊपर एक गर्म कपड़े पहनायें यह उन्हें गर्म रखेगा।
- बच्चों के तापमान की जाँच करते रहें।

**अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या मतली होने पर, सुस्ती अथवा मुर्छित होने पर तुरन्त डॉक्टर से सलाह लें**

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर–14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 316484 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.1 °c | 14.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ अपने कार्यालय में दीपक जलायेगा और श्री राम ध्वजा लहरायेगा



रांची (आजाद सिपाही)। अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने अपने सदस्यों के बीच गौशाला में बनाये गये दीपक एवं श्री राम ध्वजा का वितरण किया। अध्यक्ष विक्रम खेतावत मानव सचिव प्रमोद सारस्वत उपाध्यक्ष अमरचंद बेगवानी, कोषाध्यक्ष सौरव कटारुका सहित अन्य पदाधिकारी ने गुरुवार को थोक वस्त्र विक्रेता संघ के अपने सदस्यों के बीच पहुंच सभी के प्रतिष्ठान में श्री राम ध्वजा लगाया एवं गोशाला में बने दीपक भी दिया। उन्होंने सदस्यों से 22 जनवरी को सायं 5:30 बजे अपने प्रतिष्ठान एवं आवास में भगवान श्रीराम के आगमन पर दीपक जला कर प्रकाशोत्सव मनाने का आग्रह किया। प्रतिष्ठान के बाहर एवं अपने आवास पर श्रीराम ध्वजा लगाने का आग्रह किया। इसके पूर्व अयोध्या से आये पूजित अक्षत भी सदस्यों के बीच निमंत्रण के रूप में दिये गये थे।

### इंद्रजीत सिंह और सूरज सिंह नलवा को सरोपा देकर किया गया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। सिख पंथ की महान शख्सियत सरदार इंद्रजीत सिंह एवं सरदार सूरज सिंह नलवा को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने पटना साहिब में सम्मानित किया। तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना के जनरल सेक्रेटरी सरदार इंद्रजीत सिंह एवं अध्यक्ष, पूर्वी भारत, तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना के सरदार सूरज सिंह 'नलवा' को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने पटना साहिब में गुरुवार को सम्मानित किया। सत्संग सभा के सचिव मनीष मिढ़ा ने बताया कि टाटा नगर निवासी सरदार इंद्रजीत सिंह नम्र स्वभाव के और बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्तित्व हैं। इंदर मिढ़ा ने सरदार इंद्रजीत सिंह को एवं आशु मिढ़ा ने सरदार सूरज सिंह नलवा को सरोपा ओढ़ा कर सम्मानित किया।

### साहित्य 24 मंच की काव्य गोष्ठी

रांची (आजाद सिपाही)। साहित्य 24 मंच झारखंड इकाई की इस वर्ष की प्रथम ऑनलाइन काव्य गोष्ठी सफलता के साथ संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ खुशबू बरनवाल 'सीपी' ने किया। सरस्वती वंदना सीमा कुमार ने किया। अध्यक्षता मंच की अध्यक्षा रूपा कुमारी ने किया और मंच का संचालन रिम्मी वर्मा ने किया। साहित्यसेवियों ने आंग्ल नववर्ष की बधाइयां देते हुए श्री राम के आगमन की खुशी में रचनाएं पढ़ी, जिनमें मीरा सिंह, अंशिता सिन्हा, पुष्पा पांडे, मधुमिता साहा, सपना श्रीवास्तव, राजश्री राज, अनुपम श्री, सुमिता सिन्हा, रश्मि सिंह, कंचन सिंह, स्नेह प्रभा पांडेय, रंगोली सिन्हा, सोनल थेपड़ा, खुशबू बरनवाल', सीमा कुमार, अजीत प्रसाद शामिल थे। अध्यक्ष रूपा अनंत ने बताया इस वर्ष इस मंच पर अनेक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी है। रिम्मी वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### जन्मदिन पर प्राचार्य ने पोडियम भेंट की



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बरियातू रांची के प्राचार्य दीपक कुमार ने अपने जन्मदिन को खास बनाने के लिए विद्यालय के बच्चों को पोडियम भेट की। इससे बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। वहीं, विद्यालय के शिक्षकों ने भी इसकी सराहना की। गौरतलब है कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत विद्यालय के प्रार्थना सभा में बच्चों एवं शिक्षकों के जन्मदिन मनाने की परंपरा शुरू की गयी है। इसी कड़ी में प्राचार्य दीपक कुमार ने अपने जन्मदिन को करतल ध्वनि के साथ मनाया गया।

### स्वामी सदानंद महाराज पीएचडी की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के संस्थापक एव संरक्षक स्वामी सदानंद महाराज को डाक्टरेट आफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। हरियाणा राज्य के भिवानी में होने वाले चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने यह उपाधि दी। उपाधि से सम्मानित किये जाने से स्वामीजी के अनुयायी एवं सामाजिक संगठनों में खुशी का माहौल है। यह जानकारी उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

### अमरनाथ राज के निधन पर तिब्बतियों ने किया प्रार्थना सभा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। भारत-तिब्बत मैत्री संघ के संस्थापक अमरनाथ राज के निधन पर तिब्बतियों ने किया प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सर्कुलर रोड स्थित पोताला स्वेटर मार्केट परिसर में भारत - तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता एवं महासचिव अनिल अरुण के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। ज्ञात हो कि गत 1 जनवरी को भारत-तिब्बत मैत्री संघ रांची के संस्थापक रहे अमरनाथ राज का देहांत हो गया था। शोकसभा में स्वर्गीय अमरनाथ राज की पत्नी के साथ उनके पूरा परिवार के अलावा पोटला मार्केट तिब्बती समाज के सीरिंग दोरजे, एन दोरजे, टी जमदुल, हुंडूप, टी लुनडूप, दिलीप वर्मा उपस्थित थे।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन

# असफलता से घबरायें नहीं : राज्यपाल

- 23 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया
- 575 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन गुरुवार को बिरला नॉलेज सिटी, महिलौंग के बसंत कुमार बिरला सभागार में किया गया। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल झारखंड सीपी राधाकृष्णन के अलावा विक्रम साराभाई स्पेस स्टेशन के निदेशक डॉ एस उन्नीकृष्णन नायर तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के प्रो राधाकांत पाढ़ी भी शामिल हुए। समारोह में 575 छात्र-छात्राओं को डिग्री दी गयी। साथ ही 23 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। विवि के रजिस्ट्रार प्रो वीके सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

दीक्षांत भाषण देते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों को क्षणिक असफलता से नहीं घबराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन में अवसरों की भरमार होती है। कठिन परिश्रम और अपने लक्ष्य और काम के प्रति समर्पण से इन अवसरों का लाभ अर्जित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए किसी भी तरह का शॉर्ट कट रास्ता न अपनाने की सलाह दी। इसकी बजाय उन्होंने विद्यार्थियों को सटीक लक्ष्य का निर्धारण कर उस रास्ते पर उत्तरोत्तर चलने और एकाग्रता से समर्पित होने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि असफलता सभी के जीवन में आती है, लेकिन इससे उबरकर व्यक्ति को अपने जीवन में आगे बढ़ना होगा।

अपने संबोधन में डॉ उन्नीकृष्णन नायर ने विद्यार्थियों को छोटी-छोटी समस्याओं को समय रहते सुलझाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे समस्याएं बड़ी नहीं हो पाती। उन्होंने टीम भावना से काम करने की अहमियत पर प्रकाश डाला। इसरो के विभिन्न मिशनों की चर्चा करते हुए उन्होंने वर्ष 2028 में भारत के अंतरिक्ष स्टेशन में पदार्पण की तैयारी के विषय में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को चुनौतीपूर्ण कार्य का सामना डट कर करने को कहा।

विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने कुलाधिपति जयश्री मोहता के संदेश को साझा करते हुए कहा कि देश में शिक्षा के क्षेत्र में बिरला परिवार के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर जोर दिया। साथ ही आनेवाले समय में छात्र-छात्राओं को एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए जीवन में सीखने और नैतिक मूल्यों को अपनाने की चर्चा की। स्वागत भाषण देते हुए विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने स्व. बीके बिरला और स्व. सरला देवी बिरला के विजन की बात की। साथ ही एसबीयू के विभिन्न संकायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने विवि के रिसर्च और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक करार की भी जानकारी दी।

दीक्षांत समारोह में पद्मश्री अशोक भगत, इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ और डॉ. एस. उन्नीकृष्णन को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा भी उपस्थित थे। कुलाधिपति जयश्री मोहता ने दीक्षांत समारोह के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पूर्व आइएएस आदित्य स्वरूप, आइआइएम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व कुलपति कामिनी कुमार, दीपक बंका, विजय कुमार सिंह, अशोक अस्थाना, राहुल वत्स, नीलिमा पाठक, संदीप कुमार, प्रवीण कुमार डॉ सरस्वती मिश्रा, डॉ पंकज कुमार गोस्वामी, डॉ विश्वरूप सामंता सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के पश्चात एसबीयू एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | कोई भी निर्णय सोच-समझकर लें, व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें, कर्मक्षेत्र मंक उलझनों से राहत मिलेगी। |
| वृष | नौकरी या कार्यक्षेत्र में आपको कोई नई-नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौपी जायेगी। |
| मिथुन | धैर्य से आवश्यक कार्य पूरे होंगे, धन लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | व्यस्तता अधिक रहेगी, बाहरी यात्रा का योग है, गृहस्थ जीवन में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। |
| सिंह | वाद-विवाद लड़ाई-झगड़े से दूर रहें, वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं, दुर्घटना होने की आशंका। |
| कन्या | मन में वैचेनी रहेगी,अपने वाणी व गुस्से को नियंत्रित रखें। प्रयास व परिश्रम से सफलता मिलेगी। |
| तुला | घर में किसी नवीन वस्तु की खरीदारी सम्भव है। विवाह आदि उत्सवों की योजना बनेगी। |
| वृश्चिक | व्यवसाय में परेशानी एवं बाधा का सामना करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी होगी। |
| धनु | परिवार में कोई खुशी का अवसर आयेगा। रिश्तेदार व मित्रों से मेल-मिलाप होगा। |
| मकर | शुभ कार्य की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी, नये-नये लोगों से जान-पहचान बनेगी, जो आगे चल कर लाभप्रद सिद्ध होगी। |
| कुंभ | लम्बे समय से चली आ रही चिन्ता समाप्त होगी। संतान आज्ञाकारी रहेगी। |
| मीन | किसी सामाजिक समारोह में जाने का अवसर मिलेगा, बिना पढ़े किसी कागज पर हस्ताक्षर न करें। |

## राजीव अरुण एक्का को सीएम के अपर मुख्य सचिव का प्रभार

- वंदना दादेल समेत नौ आइएएस इधर से उधर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार में पंचायती राज विभाग के अपरमुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के भी अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें पंचायती राज विभाग के भी अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का का ट्रांसफर करते हुए उन्हें राजस्व पर्षद का सदस्य बना दिया गया है। इसमें कहा गया है कि राजीव अरुण एक्का अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ-साथ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल का ट्रांसफर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में कर दिया गया है। वह मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की प्रधान सचिव बनायी गयीं हैं। उनके पास महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी है। इसके पहले वह मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव थीं। 1996 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) की अधिकारी वंदना दादेल के पास मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी था।

ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अजय कुमार 1995 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वहीं मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। वंदना दादेल अगले आदेश तक महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के प्रधान सचिव के तौर पर भी अपनी सेवा देंगी।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव मनीष रंजन को अगले आदेश तक राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग में सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। मनीष रंजन 2002 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव राजेश कुमार को अगले आदेश तक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

जल संसाधन विभाग में सचिव प्रशांत कुमार को वित्त विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। 2004 बैच के आइएएस अधिकारी प्रशांत कुमार के पाश सुवर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना के प्रशासक की जिम्मेदारी भी थी।


श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक के श्रीनिवासन का भी तबादला हुआ है। 2005 बैच के आइएएस अधिकारी के श्रीनिवासन को अगले आदेश तक झारखंड भवन नयी दिल्ली को स्थानिक आयुक्त बनाया गया है। वहीं महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा का तबादला करते हुए उन्हें परिवहन आयुक्त बनाया गया है।

### रामलीला नृत्य नटिका का मंचन 22 जनवरी को

रांची (आजाद सिपाही)। श्री राम जन्मभूमि अयोध्याधाम में निर्मित दिव्य एवं भव्य श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पावन तिथि 22 जनवरी को होने वाले ऐतिहासिक समारोह के उपलक्ष्य में श्री सरोवर महादेव मंदिर प्रांगण में राजस्थान मित्र मंडल द्वारा रामलीला नृत्य नाटिका का मंचन होगा। तैयारी में अशोक पुरोहित, बिनय सरावगी, सचिव मंटू जलान, प्रमोद बजाज, श्याम सारस्वत, गुलाब शर्मा, रवि शंकर शर्मा, मनोज बजाज, सुनील शर्मा, सुभाष झुनझुनवाला, अमन पुरोहित, शुभम पुरोहित, कमल शर्मा, नटवर सिखवाल लगे हुए हैं।

## जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष संजय सिंह का दिल्ली एम्स में हुआ निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के मिशन रोड निवासी व्यवसाई और झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एवं हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव संजय सिंह का गुरुवार को निधन हो गया। संजय सिंह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। संजय सिंह का शव शुक्रवार को दिल्ली से हजारीबाग लाया जायेगा। संजय सिंह के निधन की खबर सुनते ही उनके करीबियों और चाहने वालों शोक की लहर दौड़ पड़ी। संजय सिंह का शव शुक्रवार को दिल्ली से हजारीबाग लाया जायेगा। उन्होंने अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ कर दुनिया से चले गये। बता दें कि संजय सिंह के भाई राजीव सिंह मणिपुर में डीजीपी हैं। संजय सिंह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के सचिव रहे। संजय सिंह ने हजारीबाग क्रिकेट को एक अलग पहचान दिलाई एवं झारखंड के क्रिकेट के लिए कई अच्छे कार्य किये। वे जेएससीए के कमेटी मेंबर में भी रह चुके थे।

## डॉ एचडी शरण अब क्युरेस्टा हॉस्पिटल में



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ एचडी शरण ( एमडी, मेडिसिन) ने रांची के क्युरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटलस में मेडिकल एडवाइजर के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। डॉ शरण रांची स्तिथ मेकॉन हॉस्पिटल के साथ साथ कई अस्पतालों में अपना योगदान दे चुके हैं। इन्होंने अब तक कई मरीजों का सफल उपचार कर चुके हैं। ये झारखंड चैप्टर ऑफ कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के संस्थापक और चेयरमैन भी रह चुके हैं। डॉ शरण अब हर दिन सुबह 11 बजे से दिन के 3 बजे तक क्युरेसटा ग्लोबल एसीएमएस हॉस्पिटल में मरीजों की सेवा के लिए उपस्थित रहेंगे।

## अखिल भारतीय महिला सम्मेलन ने बांटे कंबल और ऊनी वस्त्र



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की ओर से गुरुवार को बरियातू मेडिकल चौक एवं पहाड़ी मंदिर पर स्वेटर, जैकेट, कंबल एवं अन्य ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सचिव अनुपमा प्रसाद ने कहा कि उनका संगठन सदैव से गरीबों के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू द्वारा स्थापित अखिल भारतीय महिला सम्मेलन द्वारा वर्षों से की जा रही समाजसेवा की कड़ी में यह भी एक प्रयास है। समारोह में अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सतनाम सलूजा, इंदिरा शुक्ला, अनुपमा प्रसाद, कुमकुम गौड़, नैना तनेजा, राका ठाकुर, कविता सिंह आदि उपस्थित थीं।

## झारखंड साहित्य कला अकादमी का गठन हो : डॉ महुआ माजी



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य, निबंधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन को झारखंड राज्य के साहित्य कला अकादमी के गठन हेतु ज्ञापन सौंपा। डॉ महुआ माजी ने कहा किसी भी राज्य की उन्नति व प्रसिद्धि में वहां के साहित्यिक व सांस्कृतिक परिवेश का बहुत बड़ा योगदान होता है। अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी व नाट्य अकादमी का गठन होना चाहिए, ताकि इस वर्ग से जुड़े हुए लोग को एक मंच मिले और सांस्कृतिक रूप से भी झारखंड का विकास हो सके। इस परिप्रेक्ष्य में विभागीय मंत्री हफीजुल हसन ने सांसद को आश्वस्त किया कि साहित्य अकादमी सहित तीनों अकादमियों का गठन हेतु कैबिनेट को अविलंब प्रस्ताव विभाग स्तर से भेजा जायेगा। इसका प्रारूप तैयार है एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रिया में है।

## 51 हजार परिवारों को मानस वितरण कर कांकेर सांसद मंडावी ने छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान

# मानस के आदर्श लोगों तक पहुंचाने का काम सबसे अच्छा काम : विष्णु देव साय

- 51 हजार राम चरित मानस वितरण का वर्ल्ड रिकार्ड, गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है। यहां भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी इसके लिए उत्सव सा माहौल है। बुधवार को बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को रामचरितमानस का वितरण भी किया। बुधवार को तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 3000 मानस ग्रंथों का वितरण किया। इसके पूर्व 48 हजार ग्रंथों का वितरण हो चुका है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने इस संबंध में निश्चय किया था कि 51 हजार मानस प्रति बांटकर लोगों के समक्ष श्रीराम का आदर्श अधिकाधिक संख्या में प्रसारित करेंगे। आज गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकाड्र्स की टीम ने वितरण के पश्चात इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया। गुंडरदेही में रामचरितमानस को पूरी प्रतिष्ठा के साथ लाल कपड़े में बांधकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। श्रद्धालुओं ने इसे सिर माथे लिया। लगभग 3000 लोगों ने मानस को सिर माथे रखकर श्रीराम के जयजयकार के नारे लगाये और पूरा माहौल राममय हो गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मैं कांकेर सांसद मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूंगा। उन्हें हीरो कहूंगा, उन्होंने मानस वितरण को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। आज यहां 173 करोड़ रुपये से अधिक राशि का लोकार्पण भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है। हमने अयोध्या सुगंधित चावल भेजा है। हमारे डाक्टर भी अयोध्या गये हैं ताकि श्रद्धालुओं की सेवा कर सकें। हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने कृतसंकल्पित है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। यह हम सबके लिए गौरव का दिन है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान सांसद मोहन मंडावी ने मानस वितरण का जो कार्य किया है। वो बहुत प्रशंसनीय है।

## प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई, रांची में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के बच्चों को सड़क दुर्घटना से कैसे बचाया जा सकता है और दुर्घटना को कैसे कम किया जा सकता है, उसके बारे मे बताया गया। साथ ही साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह पर विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा पर शपथ भी दिलायी गयी। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकाओं विशेष कर प्राचार्या ईशमत इस्लाम, माहिरा प्रवीण, इतेशाम, शाह जफर, ताजीम और शाहजादी बेगम का योगदान रहा।





## महत्वपूर्ण खबरें

### ठंड की वजह से स्कूलों का समय बदला

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में इन दिनों कड़ाके की पड़ रही ठंड की वजह से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। ऐसे में राज्य सरकार ने राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में पठन-पाठन के समय में बदलाव किया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव को कुमुद सहाय के द्वारा जारी पत्र के अनुसार 19 जनवरी से 25 जनवरी तक राज्य के विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। वर्ग केजी से वर्ग 5 तक की कक्षाएं पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित होंगी। वर्ग 6 से वर्ग 12 तक की कक्षाएं पूर्ववत पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 3 तक संचालित होंगी। विभागीय आदेश के अनुसार मध्यान्न भोजन सरकारी विद्यालयों में पूर्ववत चालू रहेगा।

### चतरा लोकसभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। डाक बंगला सिमरिया में गुरुवार को दोपहर 12 बजे चतरा लोकसभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष सुबेश राम एवं संचालन मुकेश कुमार राम ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, विशिष्ट अतिथि नेशनल कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान उपस्थित हुए। मौके पर कांग्रेस मुख्य विंग जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, अनु. जाति. जिला अध्यक्ष सुबेश राम, पंचायती राज जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन पासवान, युवा जिलाध्यक्ष मोतीलाल पासवान, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद फारूक, एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष धीरध अंबेडकर, जिला सोशल मीडिया नियंत्रक विक्रम कुमार सिंह, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र साव, टंडवा प्रखंड महासचिव गोविंद पंडा, मनोज हलुवाई, कामेश्वर यादव, छोटू गुप्ता, अंतु कुमार साव, शंकर कुमार, बशिष्ट लाल पासवान, बिपिन कुमार ठाकुर, तीरथ साव, कारिम अंसारी, सरफराज अंसारी सहित कई उपस्थित हुए।

### विमान सेवा पर घने कोहरे की मार रांची एयरपोर्ट से 14 फ्लाइट कैंसिल

रांची (आजाद सिपाही)। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर पिछले दो दिनों से रांची और झारखंड के कई जिलों में देखा जा रहा है। रेल सेवा के बाद अब इसका विमान सेवा पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। घने कोहरे की वजह से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ने वाली उड़नों को या तो रद्द कर दिया गया है या वो विलंब से चल रही हैं। खराब मौसम की वजह से गुरुवार को रांची एयरपोर्ट से 14 फ्लाइट को कैंसिल किया गया। एयरपोर्ट पर यात्रियों के आवागमन को रोक दिया गया है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरू के विमान को कैंसिल कर दिया गया है। गोवा जाने वाली फ्लाइट 2 फरवरी तक कैंसिल कर दी गयी है। फ्लाइट कैंसिल होने से यात्रियों के बीच बहुत नाराजगी है।

### मंदिर हमारी आस्था का केंद्र, उसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी : दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। देवालयों में स्वच्छता अभियान के तहत गुरुवार को गंगानगर, हरमू शिव मंदिर परिसर में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में विधायक नवीन जायसवाल के साथ स्थानीय लोगों ने श्रमदान किया। इस दौरान प्रकाश ने कहा कि 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 22 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। इसके निमित्त हरमू के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री के आह्वान के साथ ही अब संपूर्ण भारत में हर मंदिर में स्वच्छता अभियान चला कर उन्हें स्वच्छ और सुंदर बनाया जायेगा।


### मेकॉन कम्युनिटी हॉल में गुलाब प्रदर्शनी आज से

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मेकॉन कम्युनिटी हॉल डोरंडा में द रोज सोसाइटी की ओर से 98वीं गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 19-20 जनवरी को किया जा रहा है। इस मनमोहक प्रदर्शनी में हजारों रंग-बिरंगे खूबसूरत गुलाब पुष्पों के साथ-साथ कलाकारों द्वारा सृजित सैकड़ों कलाकृतियों के प्रादर्श भी सम्मिलित होंगे। प्रतिभागियों को अपने गुलाब की वेरायटी (किस्म) का नाम लिखना अनिवार्य है। पंजीकरण के समय उपस्थित सोसाइटी की तकनीकी समिति फूल की किस्म चिह्नित करने में मदद करेगी। आम लोगों के अवलोकनार्थ प्रदर्शनी 20 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुली रहेगी। उस दिन अपराह्न तीन बजे विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया जायेगा। दर्शकों के लिए प्रदर्शनी में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। सोसाइटी के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि प्रादर्श 19 जनवरी को पूर्वाहन 11 बजे से दो बजे तक लगाये जा सकते हैं। प्रविष्टियों की जजिंग उसी दिन तीन से पांच बजे तक की जायेगी।

### वरिष्ठ पत्रकार शैलेश शर्मा का निधन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार शैलेश चंद्र शर्मा का गुरुवार को नयी दिल्ली में निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। कुछ दिन पहले तबीयत खराब हुई थी, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्व. शैलेश पेशे से शिक्षक थे, लेकिन झारखंड की पत्रकारिता जगत में लेखनी की वजह से उनकी एक अलग पहचान थी। वह हजारीबाग प्रेस क्लब के संरक्षक भी थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में भी शोक की लहर है।

### 21 विद्यार्थियों-शिक्षकों ने काव्य पाठ किया



रांची (आजाद सिपाही)। महिला काव्य मंच के संस्थापक (दिल्ली) डॉ नरेश नाज द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मंच के तत्वावधान में गुरुवार को 21 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने काव्य पाठ किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, विशिष्ट अतिथि डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ माया प्रसाद, डॉ जंग बहादुर पांडे उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन करते हुए शिक्षा मंच झारखंड इकाई की अध्यक्ष डॉ राजश्री जयंती ने कहा कि बच्चों में हिंदी के प्रति रूझान बढ़े इसके लिए हर जिले में जाकर यह प्रयास जारी रखूंगी। दीपक प्रकाश ने कहा कि साहित्य राजनीति से अलग दिल और दिमाग को सुकून देने वाला है। ऐसी कोशिश में हमेशा साथ हूं। अशोक प्रियदर्शी ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की। माया प्रसाद ने कहा कि जितना पढ़ोगे उतना ही अच्छा लिखोगे। जंग बहादुर पांडे ने बच्चों की उत्साह की तारीफ की। सरस्वती वंदना वीना श्रीवास्तव ने किया। संचालन पुष्पा पांडेय और संध्या चौधरी ने किया। कवियित्री शालिनी नायक, मुक्ति शहदेव, राजश्री राज, कमल बोस, रजनी शर्मा, पुष्पा, खशबू और रिया, आश्का,निशा अजीत, उज्जवल, जूही अक्षरा, शिफा, पूनम अमन, आयुष्मान अशोक ने कविता पढ़कर खूब तालियां बटोरी।

## राम मंदिर के निर्माण तक का एक अनोखा प्रणः

# मोख्तार सिंह ने 12 लाख बार हस्तलिखित श्रीराम नाम जाप लिखा

**हस्तलिखित श्रीराम नाम जाप की कॉपी सांसद संजय सेठ को सौंपी**

**सांसद ने किया मोख्तार सिंह को सम्मानित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी 22 जनवरी को भगवान राम लगभग 500 साल के इंतजार के बाद अपने जन्मस्थली अयोध्या में विराजमान होंगे। इस दिन का इंतजार पूरा भारत कर रहा था, ऐसे में हम आपको एक ऐसे ही रामभक्त के बारे में बतायेंगे, जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण तक एक अनोखा प्रण लिया था। झारखंड राज्य के रांची एचइसी सेक्टर 2 के रहने वाले मोख्तार सिंह ने मंदिर निर्माण पूरा होने तक जय जय श्रीराम लिखने का प्रण लिया था। अब तक उन्होंने 12 लाख बार अपने हाथों से श्रीराम लिखा है। साथ ही पांच हजार बार हनुमान चालीसा और पांच हजार बार गायत्री मंत्र लिखा है। गुरुवार को मोख्तार सिंह ने अपनी हस्तलिखित श्रीराम नाम जाप की कॉपी रांची के सांसद संजय सेठ को सौंप दी। इस अवसर पर संजय सेठ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण का प्रण पूरा हो गया है। इसके लिए देश के कई लोगों ने अपना अपना गिलहरी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के समर्पण, प्रयास, निष्ठा और भक्ति से आज अयोध्या में श्रीराम लला भव्य मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इसलिए संभव हो रहा है, क्योंकि नरेंद्र मोदी जैसा सनातनी हम लोगों के बीच है। इसके बाद यह सार्थक हुआ। उन्होंने मोख्तार सिंह से कहा कि अब आप राधे राधे का जाप लिखिए। उन्होंने कहा कि यह सभी हस्तलिखित जाप की कॉपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौपेंगे। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि सोचिये कोई व्यक्ति 108 बार जाप करता है, तो कितना पुण्य मिलता है। कितना समय लगता है। इन्होंने 12 लाख बार श्रीराम नाम जाप, पांच हजार बार हनुमान चालीसा और पांच हजार बार गायत्री मंत्र का जाप लिखा हो तो कितना समय और संयम लगा होगा। उन्होंने कहा कि राम काज के लिए सभी लोगों का प्रयास रंग लाया है। और ऐसे लोगों के प्रयास और श्रद्धा भाव के चलते ही यह सब संभव हो रहा है। वहीं मोख्तार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर ही यह प्रण लिया था। हम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व के कायल हैं। इन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है, जो आज भारत ही नहीं पूरा विश्व राम मय हो गया है। कार्यक्रम का संचालन जीवेश सिंह सोलंकी ने किया। इस मौके पर भाजपा नेत्री सीमा सिंह, विनय जायसवाल, मुनचुन राय, कुंदन सिंह, झारखंड चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, नीलम चौधरी, भानुप्रताप सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल थे। बता दें कि भानुप्रताप सिंह मोख्तार सिंह के पुत्र हैं। उन्होंने सभी लोगों का सम्मान किया।

# भगवान बिरसा की धरती पर जुटेंगे लाखों आदिवासीः बाबूलाल मरांडी

**11 फरवरी को रांची में आयोजित राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन की तैयारी में जुटा भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में 11 फरवरी को रांची में होनेवाले राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनजाति सम्मेलन में एक लाख से अधिक आदिवासी शामिल होंगे। इसके लिए मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव एवं बूथ में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आदिवासी समाज के लिए किये गये कार्यों को बताते हुए सम्मेलन में आने का निमंत्रण दें। मरांडी ने कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक और राज्य एवं राष्ट्रीय पटल पर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जनजाति सम्मेलन के लिए मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है। जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। सम्मेलन में झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, असम, बिहार, नार्थ ईस्ट के सभी राज्य से आदिवासी शामिल होंगे। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# ईश्वर और उनकी कथा अनंत है : डॉ उमाकांतनंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकांतनंद सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री रामकथा का छठा दिन परम पूज्य स्वामी डॉ उमाकांतनंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि शक्ति चाहिए तो प्रभु के पास जाइये और भक्ति चाहिए तो मां शक्ति के पास जाइये। उन्होंने अलौकिक सौंदर्य के विषय पर चर्चा की। सीता जी के विषय में चर्चा कर धनुष यज्ञ की विस्तृत चर्चा की। सीता मां के अलौकिक सौंदर्य देख ही यह धनुष यज्ञ हो रहा। उन्होंने कहा साधु का चरित्र कपास के सफेद फूल की तरह होता है क्योंकि समाज की कमी को दूर करने के लिए अपना त्याग करते है। संसार में सुख दुख हमारे भावना का खेल है क्योंकि सुख शांति की कोई सीमा नहीं जीवन में सुख दुख और भावना को सुधार लिया जाय तो दृष्टि ही बदल जायेगी। गुरु कहते है, अहंकार बहुत बुरी चीज है, अहंकार का नशा जल्दी नहीं उतरता। मंत्र के जप करने से सारे देवता अधीन हो जाते है। बच्चों का उत्साह बढ़ाये जवानी में ही कुछ कर सके। इसके पूर्व मंच पर आज के यजमान बीरेंद्र सिंह सपत्नी रेणु सिंह और राकेश भास्कर सपत्नी और उनके परिवार के द्वारा व्यास जी की आरती की गयी।

इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश भास्कर, राज किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सारस्वत, अरुण सिंह, शत्रुघन प्रसाद (मुंबई) बम शंकर दुबे, राजीव चौधरी, फारूक खान ने गुरु जी को माल्यार्पण कर स्वागत, अभिनंदन किया। श्री राम कथा 21 जनवरी 2024 तक दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक चलेगी । 22 जनवरी हरमू मैदान में हवन और भंडारा का आयोजन रखा गया है।

# 'लौट आये राम' के तहत देश भर में अलख जगाते हुए अमर्यादित टिप्पणियों का जवाब दे रहे हैं रितेश्वर महाराज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वृंदावन के सदगुरु रितेश्वर जी महाराज गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। इस पर कुछ लोगों ने विवादित टिप्पणियां की हैं। इन लोगों ने न कभी रामायण पढ़ी है और न ही संस्कृत। इन लोगों को प्राचीन भारतीय संस्कृति की जानकारी नहीं है। भगवान श्रीराम जन-जन की आस्था के केंद्र हैं। उन पर अशोभनीय टिप्पणी करना अनुचित है। रितेश्वर महाराज लौट आये राम के तहत देशभर में अलख जगाते हुये अमर्यादित टिप्पणियों का जवाब दे रहे है। इस अवसर पर उन्होंने बिलिस एप की लांचिंग भी की। इसमें एआई द्वारा भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संबंध में कोई भी सवाल का जवाब दिया जायेगा। रितेश्वर महाराज ने कहा कि आज ने केवल हिंदू बल्कि सभी संप्रदाय भगवान राम पर की जारी विभिन्न टिप्पणियों से प्रभावित हो रहे हैं, जिनका कोई आधार नहीं है, लेकिन वह हमारी अगली पीढ़ी के लिए ऐसी विनाशकारी स्थिति पैदा कर रहे हैं जहां वे सभी से अलग हो सकते हैं। आज दुनिया में जहां हम रामोत्सव के आयोजन से खुश है और भगवान राम की घर वापसी का जश्न मना रहे हैं। भगवान राम को अयोध्या धाम में स्थापित किया जा रहा है। पूरी दुनिया खुश है लेकिन फिर भी नैतिक रूप से अस्त लोगों का एक संप्रदाय है जो जाने अनजाने भगवान राम की छवि को धूमिल कर रहा है। वह अपने छोटे-छोटे निजी लाभ या स्वार्थ के लिए ऐसे बोल रहे है। हमें इसकी चिंता नहीं है कि कौन क्या कह रहा है और वह कहां कह रहे हैं। हमारी चिंता मिथक और आधारहीन अफवाह के खतरनाक प्रभाव और परिणाम को लेकर है।

## 22 को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भव्य आयोजन : कुणाल अजमानी

रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल रांची महानगर अयोध्या में हो रहे राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को राम महोत्सव के रूप में पूरे रांची में मना रहा है एवं 22 जनवरी को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मैन रोड रांची में सुबह से ही भव्य आयोजन करेगा। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि 22 जनवरी को राम महोत्सव के रूप में मनायें, हर घर राम ध्वज लगायें और हर घर दिप जला कर प्रभु श्री राम का स्वागत करें। महानगर के संयोजक डॉ दिलीप सोनी, प्रवक्ता बादल सिंह एवं मंत्री विपिन बर्मन के द्वारा रांची विभिन्न मंदिरों और अखाड़ा धारियों के बीच में लगभग दस हजार राम ध्वज का वितरण किया गया।

# 5 से पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा जमशेदपुर में होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/जमशेदपुर।** श्री त्रिकालदर्शी सेवा समिति की ओर से 5 से 9 फरवरी तक डोबो में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर, मध्य प्रदेश) वाले कथावाचक करेंगे। कथा प्रतिदिन अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक किया जायेगा। समिति के सदस्य रंजीता कुमारी वर्मा, विकास जयसवाल, तुहिनिका प्रसाद एवं ब्रजेश कुमार सहित अन्य सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। समिति के सचिव रंजीता कुमारी वर्मा ने बताया कि कथा के लिए 1,80,000 वर्गफीट का पंडाल जमशेपुद के डोबो क्षेत्र में तैयार किया जा रहा है। कथा के दौरान हर दिन भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरुआत तीन फरवरी को कलश यात्रा के साथ की जोयगी। कलश यात्रा सोनारी, दोमुहानी स्थित शिव मंदिर से कथास्थल तक जायेगी। कलश यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही रंजीता ने जानकारी दी की 3 फरवरी को कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल तक किया जायेगा। 4 फरवरी को गुरुजी को रांची एयरपोर्ट से स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक एक जुलूस के तौर पर ले जाया जायेगा। इस कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभा रहे संजय सेठ, संजीव विजय वर्गीय, भैरव सिंह, महुआ मांझी, राजेश गुप्ता, सुरेश साहू, ओम मिश्रा, पिया बर्मन, नंदिकिशोर चंदेल, सुजीत सिंह, प्रणव कुमार, मंटू पांडे, दीपेश पाठक, राजेश अयान, नीतू, रीना, तुहिनिका प्रसाद, ब्रजेश कुमार, विकास जयसवाल उपस्थित थे।

# इस्कॉन सन्यासियों का संकीर्तन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में सुबह छह बजे से ही इस्कॉन के सन्यासियों ने गुरुवार को किया नगर संकीर्तन किया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर इसका खास आयोजन किया गया। अपने इष्ट की भक्ति में झूम-झूम कर नाचते और उछलते-कूदते हुए आगे बढ़ने लगे। इनके पीछे इस्कॉन झारखंड और बिहार के जोनल सेक्रेटरी देवकीनंदन प्रभु और नारूगोपाल प्रभु संग बड़ी संख्या में कीर्तन करते चल दिये। महिलाएं हाथों में ध्वज और अयोध्या राम मंदिर के प्रारूप की तस्वीर उठाये शामिल थीं। बिहार जोनल सुपरवाइजर सुंदर गोपाल प्रभु, लीलापुरुषोत्तम प्रभु, रांची के प्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास प्रभु, सर्वज्ञय प्रभु, अरूणदेव कुमार, डॉ राकेश, राधारंजन, राधा सुद, रंजीत सूद, रंजीत प्रभु, राजेश सिन्हा आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया।


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, गुमला।
वाद संख्या O.M-51/2023
प्रियंका उराँव, पति शनिचरवा उराँव, साकिन-बिरकेरा हरहाटोली, थाना-सिसई, जिला - गुमला ..................... आवेदिका
बनाम्
शनिचरवा उराँव, पे० फिरंगी उराँव, साकिन लावागाई, पो० नागफेनी, थाना सिसई, जिला - गुमला .................... .......... विपक्षी नोटिस बनाम्
प्रियंका उराँव, आवेदिका द्वारा विपक्षी शनिचरवा उराँव को सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध गुमला कुटुम्ब न्यायालय में भरण पोषण वाद दायर किया गया है जिसमें आप की उपस्थित अनिवार्य है।
अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 19.01.2024 को 10:30 बजे स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा मुकदमें में एकपक्षिय सुनवाई कर उचित आदेश पारित किया जायेगा।
इसे सख्त ताकिद जाने।
न्यायालय के हस्ताक्षर तथा मुहर से आज दिनांक 10.01.2024 ई० को जारी किया गया है।

प्रधान न्यायधरी कुटूम्ब नयायलय
गुमला
व्यवहार न्यायलय, गुमला।



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


# रेल सुविधा की मांगें पूरा नहीं हुई, तो अगले माह से पत्थर-कोयले की ढुलाई ठप होगी : विजय हांसदा

**इडी हेमंत सोरेन को बिना तथ्य के समन कर कर रही है परेशान**

**कार्तिक कुमार**



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल संसदीय क्षेत्र से झामुमो सांसद विजय हांसदा ने रेलवे के विरुद्ध तेवर रुख अपनाते हुए कहा कि पाकुड़ और साहिबगंज की जनता का रेल सुविधा से जुड़ी डिमांड इस महीने के अंत तक पूरी नहीं की गयी, तो अगले महीने से पाकुड़ से रेलवे द्वारा पत्थर और कोयला की ढुलाई ठप कर दी जायेगी। सांसद विजय गुरुवार की साम में पाकुड़ परिसदन में प्रेस कान्फ्रेंस कर उक्त बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हावड़ा रेल मंडल द्वारा अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का पाकुड़ में ठहराव सरकारी कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रण नहीं दिया गया। पोस्टर-बैनर में उनका, मंत्री का और स्थानीय विधायक का भी नाम नहीं रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकारी प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। सांसद ने कहा कि पाकुड़ की जनता की मांग को लेकर मैं लगातार लोकसभा में और रेल मंत्री को लिखित रूप में दे कर डिमांड पूरी करने की बात रखा हूं। कई बार जोनल मीटिंग में भी पाकुड़ के लोगों के डिमांड के अनुरूप ट्रेन के स्टॉपेज, नयी ट्रेन चालू करने की मांग दोहराता रहा हूं, लेकिन गत रविवार को जिस तरह रेलवे विभाग ने व्यवहार किया है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सांसद ने कहा कि शुक्रवार को फिर पाकुड़ की जनता से जुड़ी रेल सुविधा की डिमांड को पुनः रेल मंत्री और हावड़ा और मालदा के डीआरएम, जीएम को लिखित रूप में पत्र देकर डिमांड करेंगे और यहां की जनता की डिमांड इस महीने पूरी नहीं हुई, तो फरवरी महीने से पाकुड़ से रेलवे द्वारा कोयला और पत्थर की ढुलाई को पूरी तरह ठप कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड बने 23 साल हो गये और सबसे अधिक समय यहां भाजपा की सरकार रही है। भाजपा की सरकार में क्या कुछ हुआ, यहां की जनता जानती है। उन्होंने कहा कि इडी लगातार हेमंत सोरेन को सम्मन कर बगैर तथ्य के परेशान करने का काम कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी का इस्तेमाल कर केंद्र की सरकार झारखंड में जनमत से बनी सरकार को परेशान करने का काम कर रही है। हेमंत सोरेन जनता से चुनाव में किये ॅगये एक-एक वादे को धीरे-धीरे पूरा कर रहे हैं। उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देख भाजपा घबरा गयी है और झूठा आरोप लगाकर परेशान कर रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव भी मौजूद थे।


## विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

**बी०एड० महाविद्यालयों में नामांकन हेतु सूचना**

वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने झारखण्ड राज्य के बी०एड० महाविद्यालयों में सत्र 2023-25 में नामांकन के लिए JCECEB, राँची के द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुए परन्तु उनका नामांकन अभी तक कहीं भी नहीं हो पाया है, वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अन्तर्गत किसी इच्छित अंगीभूत / संबद्ध महाविद्यालय में नामांकन के लिए अपना आवेदन CML Rank तथा Roll No. का उल्लेख करते हुए सभी उत्तीर्ण परीक्षाओं के अंक-पत्र एवं आरक्षण संबंधित दस्तावेज के साथ संबंधित महाविद्यालय में दिनांक 18.01.2024 से 24.01.2024 तक जमा कर सकते हैं।

कुलपति के आदेशानुसार
ह०
कुलसचिव

ज्ञापांकः
VBU/CP/08/2023/R/126/2024
दिनांक : 18:01.2024

# युद्ध फैलने का खतरा

ईरान की ओर से मंगलवार को पाकिस्तान सीमा में स्थित एक आतंकवादी ठिकाने पर किये गये मिसाइल और ड्रोन हमलों ने पहले से ही तनावग्रस्त और संवेदनशील इस पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता को खतरा पैदा कर दिया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब 100 दिनों से भी ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच गाजा में चल रहे युद्ध के चलते पूरा मध्य-पूर्व असाधारण तनाव से गुजर रहा है। यही नहीं, यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोही लाल सागर से गुजरते जहाजों को लगातार निशाना बना रहे हैं, जिससे ग्लोबल ट्रेड प्रभावित हो रहा है। ईरान ने जैश अल-अदल नाम के जिस आतंकवादी ग्रुप के ठिकाने को निशाना बनाने की बात कही है, वह पाकिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी मुस्लिम ग्रुप है। यह ईरान की सीमा के अंदर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। ध्यान रहे, दोनों देशों के बीच करीब 950 किलोमीटर लंबी सीमा है। इसका ज्यादातर हिस्सा सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांतों में पड़ता है। ईरान शिया बहुल देश है, लेकिन इसके सिस्तान प्रांत में ज्यादातर सुन्नी आबादी रहती है। दोनों देशों के बीच रिश्तों में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं, लेकिन उनके बीच न केवल कूटनीतिक संबंध बने हुए हैं, बल्कि व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को लेकर बातचीत और सहयोग भी जारी है। यह हमला अप्रत्याशित इसलिए भी माना गया, क्योंकि उसी दिन दावोस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और ईरान के विदेश मंत्री की मुलाकात हुई थी। मगर इस मामले का ज्यादा बड़ा पहलू यह है कि यह एक सप्ताह में तीसरा मौका है, जब ईरान ने किसी और देश की क्षेत्रीय सीमाओं का उल्लंघन करते हुए हमला किया। इससे पहले इराक और सीरिया पर भी उसके हमले हुए। इस वजह से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह बढ़ी हुई आक्रामकता ईरान की किसी लंबी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ईरान का कहना है कि वह गाजा युद्ध से फैलते संघर्ष का हिस्सा नहीं बनना चाहता। लेकिन हूती, हमास, हिजबुल्ला जैसे कई ग्रुप हैं, जिन्हें वह प्रतिरोध की धुरी कहता है और जो संघर्ष को आगे बढ़ाने में सीधे तौर पर शामिल हैं। लाल सागर से गुजरते जहातों पर हूती विद्रोहियों के हमलों को रोकने के लिए अमेरिका और सहयोगी देशों ने भी इनके ठिकानों पर हमले किये हैं। हालांकि उसके बाद भी हूती विद्रोहियों ने अपना अभियान जारी रखने की बात कही है। ईरान समर्थित ग्रुप्स के हमलों और इराक एवं सीरिया के बाद अब परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान पर उसकी कार्रवाई को समग्रता में देखें, तो गाजा में चल रहे युद्ध के बड़े दायरे में फैलने का गंभीर खतरा साफ दिखता है।

**ईरान समर्थित ग्रुप्स के हमलों और इराक एवं सीरिया के बाद अब परमाणु शक्ति संपन्न पाकिस्तान पर उसकी कार्रवाई को समग्रता में देखें, तो गाजा में चल रहे युद्ध के बड़े दायरे में फैलने का गंभीर खतरा साफ दिखता है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**दक्षिण अफ्रीकी देश जिम्बॉब्वे सालों से भयंकर गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहा है। देश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी बेरोजगार है। ऐसे में निराश होकर युवा रिश्वत के रूप में कुछ पैसे देकर निम्न स्तर की नौकरियां करने पर मजबूर हैं। इन हालातों के बीच जिम्बॉब्वे में लड़कियों के लिए मुश्किलें और ज्यादा हैं। वहां नौकरी पाने के लिए नौकरी देने वालों से सेक्स करना पड़ रहा है। इस देश के युवाओं को नौकरी पाने के लिए मालिक से शारीरिक संबंध बनाने पड़ रहे हैं।**

# काम के बदले यौन शोषण 'एक सामाजिक कलंक'

**डॉ वरिंद्र भाटिया**

सोशल मीडिया पर चर्चित खबरों के अनुसार ग्वालियर में एक महकमे में नौकरी के लिए हुए इंटरव्यू में शामिल होने वाली लड़कियों से सेक्स की डिमांड की गयी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह मामला 3 जनवरी 2024 को ग्वालियर स्थित एक कृषि विश्वविद्यालय में एक निगम द्वारा निकाली गई भर्ती के लिए आयोजित हुए इंटरव्यू से जुड़ा है। एक अधिकारी ने नौकरी देने के लिए इंटरव्यू में शामिल हुई कम-से-कम 3 लड़कियों को फोन एवं मैसेज किया और नौकरी देने के लिए उनसे सेक्स की डिमांड की। इसके बाद पीड़िता ने ह्वाट्सऐप मैसेज का स्क्रीनशॉट लेकर ग्वालियर पुलिस में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। काम या फिर नौकरी के बदले सैक्स मांगना एक विश्वव्यापी समस्या बन चुकी है। हाल ही में भयंकर गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहे दक्षिण अफ्रीकी देश जिम्बॉब्वे में एक हैरान करने वाला खुलासा हुआ है।

दक्षिण अफ्रीकी देश जिम्बॉब्वे सालों से भयंकर गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहा है। देश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी बेरोजगार है। ऐसे में निराश होकर युवा रिश्वत के रूप में कुछ पैसे देकर निम्न स्तर की नौकरियां करने पर मजबूर हैं। इन हालातों के बीच जिम्बॉब्वे में लड़कियों के लिए मुश्किलें और ज्यादा हैं। वहां नौकरी पाने के लिए नौकरी देने वालों से सेक्स करना पड़ रहा है। इस देश के युवाओं को नौकरी पाने के लिए मालिक से शारीरिक संबंध बनाने पड़ रहे हैं। हालात ऐसे हो गये हैं कि अब इस देश में तेजी से युवा एड्स जैसी गंभीर बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

**विदेशों में स्टडी के लिए जाने वाली अनेक एशिया की लड़कियों को खर्चा निकालने के लिए शरीर बेचना पड़ रहा है।**



**काम के बदले में सेक्स की डिमांड एक सामाजिक कलंक है यह दिक्कत हमारे सामाजिक व्यभिचार के रूप में बहुत अधिक फैल रही है। सेक्स की डिमांड, काम की चाहवान और नौकरी पेशा महिलाओं के यौन शोषण का जरिया बन चुका है। आम तौर पर इस का शिकार महिलाएं सामाजिक इज्जत और पारिवारिक कारणों के चलते मुखर नहीं हो पाती हैं।**

इस देश के 1 करोड़ 40 लाख लोगों में से अधिकांश लोग आजीविका के लिए किसी न किसी असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, क्योंकि देश में लोगों को कोई नौकरी नहीं मिल रही, जिसके चलते मालिक इसका फायदा उठा कर उन्हें हवस का शिकार बना रहे हैं। अन्य देशों में भी हालात ऐसे ही हैं।

अपुष्ट खबरों के अनुसार विदेशों में स्टडी के लिए जाने वाली अनेक एशिया की लड़कियों को खर्चा निकालने के लिए शरीर बेचना पड़ रहा है। इसी के साथ जुड़ा एक और पहलू है देश में अनेक जगह नौकरीपेशा महिलाओं के साथ दफ्तर में यौन शोषण की घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। इस बिंदू पर कुछ समय पहले, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक रिपोर्ट आयी है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि देश के अलग-अलग राज्यों के दफ्तरों में महिलाओं के साथ यौन शोषण हो रहा है। सबसे बड़ी बात कि यौन शोषण के लाख-दो लाख नहीं बल्कि पूरे 70.17 लाख मामले सामने आए हैं।

इस रिपोर्ट के अनुसार नौकरीपेशा महिलाओं के साथ दफ्तर में सबसे ज्यादा यौन शोषण के मामले दिल्ली से सामने आये हैं। यहां से 11.2 लाख शिकायतें सामने आयी हैं, जिनमें महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके साथ दफ्तर में यौन शोषण हुआ है। वहीं दूसरे नंबर पर पंजाब है। पंजाब में इस तरह की कुल 10.5 लाख शिकायतें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को मिली हैं। जबकि गुजरात इस मामले में तीसरे नंबर पर है। यहां 10.4 लाख महिलाओं ने दफ्तर में अपने साथ होने वाले यौन शोषण को लेकर शिकायत दर्ज की है। चौथे नंबर पर आंध्र प्रदेश है, जहां 9.31 लाख महिलाओं ने ये शिकायत की है।

5वें नंबर पर उत्तर प्रदेश है। यहां कुल 5.53 लाख महिलाओं ने शिकायत की है कि उनके साथ ऑफिस में यौन शोषण हुआ है। इसके बाद झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार और मध्य प्रदेश का नंबर आता है, जहां कामकाजी महिलाओं के साथ ऑफिस में सबसे ज्यादा यौन शोषण हो रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार देशभर में काम करने वाली लगभग 50 फीसदी महिलाएं कम से कम एक बार अपने करियर लाइफ में यौन शोषण का शिकार हुई हैं। यहां तक कि बहुत सी ऐसी महिलाएं हैं, जो इस अपराध का शिकार हुई हैं, लेकिन लोक-लाज के डर से वह शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पायीं। दूसरी सबसे बड़ी बात कि यौन शोषण के मामले में देश की टॉप 100 कंपनियां भी पीछे नहीं हैं, यहां से बहुत से ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें यहां काम करने वाली महिलाओं के साथ यौन शोषण हुआ है।

काम के बदले में सेक्स की डिमांड एक सामाजिक कलंक है। यह दिक्कत हमारे सामाजिक व्यभिचार के रूप में बहुत अधिक फैल रही है। सेक्स की डिमांड, काम की चाहवान और नौकरी पेशा महिलाओं के यौन शोषण का जरिया बन चुका है। आम तौर पर इस का शिकार महिलाएं सामाजिक इज्जत और पारिवारिक कारणों के चलते मुखर नहीं हो पाती हैं। याद रहे कि आज भी काम की तलाश वाली और कामकाजी महिलाओं के लिए, यह दुनिया उतनी सरल नहीं है जितनी आदर्शवादी लोग कहते हैं। पहले वह घरों और स्कूलों में हिंसा और यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं और अब तो नौकरी से पहले और नौकरी करते वक्त भी उनको इसी दर्द से गुजरना पड़ रहा है। क्या हमारे पास इसे रोकने के तरीके हैं?

# श्रीराम के मुद्दे पर कांग्रेस का काला सच देश देख चुका



**प्रतुल शहदेव**



**कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट कर रामसेतु को एक प्राकृतिक संरचना बताया था**

**रामायण को काल्पनिक ग्रंथ और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को काल्पनिक पात्र कहा गया था**

**सेतु समुद्रन प्रोजेक्ट से जुड़ा था पूरा मामला**

2005 में केंद्र की यूपीए सरकार ने (जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी थी और मनमोहन सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री थे) भारत और श्रीलंका के बीच में मल्टी मिलियन डॉलर शिपिंग कैनल प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी थी। भारत सरकार ने स्वीकृति देते हुए यह कहा था कि चैनल पालक स्ट्रेट पर बन जाये समुद्र तट की खुदाई करके। जिस जगह पर खुदाई की बात हो रही थी, वह धनुषकोदी, तमिलनाडु भारत में पड़ता है। केंद्र सरकार के प्रपोजल में इस चैनल को बनाने के लिए पूरे रामसेतु को ध्वस्त करने की योजना थी। जाहिर तौर पर केंद्र की यूपीए सरकार देश की शिपिंग लॉबी के प्रेशर में आकर सनातनियों के रामायण के एक महान प्रतीक चिह्न को मिटाना चाह रही थी।

### पूरे देश में इस मुद्दे पर व्यापक बहस छिड़ गयी

सर्वोच्च न्यायालय में भी एक मुकदमा दायर करके रामसेतु की रक्षा करने का आह्वान किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जानना चाहा कि क्या वह सेतु समुद्रन प्रोजेक्ट के लिए रामसेतु को हटाना चाहती है?

### सनातनियों के लिए 13 सितंबर का वह काला दिन

केंद्र सरकार ने 13 सितंबर 2007 को जवाब देते हुए एक अति आपत्तिजनक एफिडेविट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करते हुए कहा कि वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस भारत के पुरातत्व साहित्य के महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। लेकिन इनका कोई ऐतिहासिक तथ्य या इनमें वर्णन पात्रों का कहीं भी कोई प्रमाण नहीं है। केंद्र सरकार ने इस एफिडेविट में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को महज एक काल्पनिक पात्र करार दिया। सीता मैया, लक्ष्मण जी, महावीर जी और राम सेतु के अस्तित्व को मानने से इनकार कर दिया।

### यूपीए सरकार के विवादास्पद एफिडेविट पर देश में मचा हंगामा

इस निर्णय के बाद सनातनियों ने पूरे देश में इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। रामसेतु को बचाने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान को देश के अलावा कई अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठनों का भी समर्थन था। केंद्र सरकार अभी भी अपने अड़ियल रूप पर कायम थी कि वह गल्फ आफ मन्नार और पॉक बे को एक शिपिंग कैनाल के जरिए भारत और श्रीलंका के बीच में जोड़ना चाहती है। सेतु समुद्रन प्रोजेक्ट केंद्र सरकार की योजना थी कि वह भारत और श्रीलंका के बीच में बने राम सेतु पुल को तोड़ दे, जहां समुद्र की गहराई 10 मीटर से भी कम है।

### जब सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को लगायी फटकार

देश में उठे हंगामा के कारण केंद्र सरकार बैकफुट पर आ गयी। सर्वोच्च न्यायालय ने 14 सितंबर 2007 के अपने आदेश में कहा कि रामसेतु को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन वरिष्ठ अधिवक्ता सुब्रमण्यम स्वामी की दलीलों के बाद यह स्पष्ट किया कि राम सेतु में किसी भी प्रकार के विध्वंस की गतिविधियों से केंद्र सरकार परहेज करेगी। सर्वोच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश जस्टिस बीएन अग्रवाल की अध्यक्षता वाली पीठ में केंद्र सरकार को यह सख्त हिदायत दी कि रामसेतु को किसी प्रकार का डैमेज नहीं होना चाहिए।

### बैक फुट पर आ गयी कांग्रेस की यूपीए सरकार

सर्वोच्च न्यायालय में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, सीता मैया, लक्ष्मण जी, महावीर जी और रामसेतु के अस्तित्व को नकारने के बाद केंद्र सरकार बैक फुट पर आ गयी थी। उसे चौतरफा जन आक्रोश का सामना करना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट से 24 सितंबर 2007 को मिली फटकार के बाद केंद्र सरकार ने उस एफिडेविट को सर्वोच्च न्यायालय से वापस ले लिया, जिसमें उसने भगवान राम को काल्पनिक बताया था। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पूरे देश में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश था कि केंद्र सरकार ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अस्तित्व को ही नकार दिया है।

### मोदी सरकार ने रामसेतु मुकदमे को वापस लिया

मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके कहा कि वह किसी भी सूरत में रामसेतु को हानि नहीं पहुंचायेगी। लंबी बहस के बाद केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को कहा कि रामसेतु काल्पनिक नहीं बल्कि सनातनियों की धार्मिक आस्था का विषय है। सेतु समुद्रन कैनल प्रोजेक्ट के लिए इसे किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचायी जायेगी। भारत के जहाज रानी मंत्रालय ने एफिडेविट करके चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ में आग्रह किया कि पीआइएल को अब समाप्त किया जाये। उसके बाद जाकर कांग्रेस के द्वारा आकलन शुरू किया गया यह विवाद थमा।

### डिस्कवरी के साइंस चैनल ने रामसेतु के मानव निर्मित होने का प्रमाण दिया

2017 की अपनी डॉक्यूमेंट्री में डिस्कवरी ग्रुप की साइंस चैनल ने इस बात का प्रमाण दिया था कि यह प्राकृतिक संरचना नहीं है, बल्कि इसे मानव के द्वारा बनाया गया है। इस रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है कि 50 किलोमीटर लंबा पुल को मानव ने बनाया है। रिसर्च से इस डॉक्यूमेंट्री में यह सिद्ध किया कि समुद्र के नीचे बालू तो प्राकृतिक है, लेकिन जो पत्थर उसके ऊपर रखे हैं, वह कहीं बाहर से लाकर रखे गये हैं। क्योंकि इस पूरे इलाके में इस प्रकार के पत्थर नहीं मिलते हैं। निष्कर्ष था इन पत्थरों को कहीं दूर से लाकर पुल बनाने के लिए समुद्र तट के बालू पर रखा गया है। प्रमाणिक वैज्ञानिक रिसर्च से यह सिद्ध हो गया कि उस क्षेत्र के बालू और उसके ऊपर रखे पत्थरों की उम्र में हजारों वर्षों का बड़ा अंतर है। विडंबना देखिये, विदेशी मान रहे हैं कि रामसेतु प्रभु श्रीराम और उनकी वानर सेना की मदद से बना, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के ही अस्तित्व को नकार दिया था।

**(लेखकः भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# विरासत में मिली सत्ता की तुलना में आज सूबे के किसान खुशहाल हैं : मंत्री बादल

**सरायकेला के काशी साहू महाविद्यालय प्रांगण में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन**

**मंत्री बादल पत्रलेख,मंत्री चम्पाई सोरेन, सांसद गीता कोड़ा हुए शामिल**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के काशी साहू महाविद्यालय प्रांगण में कोल्हान प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गुरुवार को किसान मेला मे सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, स्थानीय विधायक सह मंत्री चौपाई सोरेन, सांसद गीता कोड़ा के साथ जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, प्रमंडलीय आयुक्त तीनों जिलों के डीसी सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। मौके पर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त रूप से सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मेले में तीनों जिलों के किसानों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। साथ ही कृषि क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी बदलाव से संबंधित जानकारियां दी गयी। कृषि मंत्री बादल पत्र लेख ने बताया, जिस वक्त हेमंत सोरेन की सरकार ने सूबे की सत्ता संभाली थी, उस दौरान की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज राज्य के किसान खुशहाली के साथ अपने मार्ग पर अग्रसर हो रहे हैं। यह देखकर अच्छा लग रहा है।

उन्होंने बताया, झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार कृषि विभाग के लिए नये आयाम गढ़ रही है। जिससे यहां के किसानों की आय में दिनों दिन बढ़ोतरी हो रही है। इस तरह के आयोजनों के जरिये किसानों को नयी-नयी तकनीक की जानकारी मिल रही है। उन्होंने बताया कई मामलों में राज्य के किसान आत्मनिर्भर हो चुके हैं। साथ ही दूध उत्पादन, अंडा उत्पादन, मछली उत्पादन के क्षेत्र में भी राज्य में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं। मंत्रालय इसको लेकर गंभीर है। इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस दौरान तीनों जिलों के किसानों के बीच रियायती दर पर कृषि उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट किसानों और कृषि मित्रों को सम्मानित किया गया।

# श्रीराम कोई जाति, धर्म और संप्रदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के कल्याण के लिए हैं : रघुवर दास

**ओड़िशा के राज्यपाल से शहरवासियों ने की शिष्टाचार मुलाकात**

**अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देशवासियों के लिए बहुत ही खुशी व गौरव का क्षण : रघुवर दास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास बुधवार को एग्रिको स्थित आवास पहुंचे। गुरुवार को शहरवासियों ने आवासीय कार्यालय में राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं दो दिवसीय जमशेदपुर के दौरे में आये ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा भारत देश आध्यात्मिक देश है। प्रभु श्री राम हमारे आध्यात्मिक गुरु हैं। श्री राम एक कोई जाति धर्म संप्रदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के कल्याण के लिए राम है। उन्होंने कहा, 22 जनवरी को प्रभु श्री राम मंदिर का भव्य उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में होने जा रही है। हम सभी लोग के लिए बहुत ही खुशी और गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा लेकिन उस समय हम उड़ीसा में रहेंगे। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने जमशेदपुर के सिदगोड़ा सूर्य धाम मंदिर में स्थापित जन-जन के सहयोग से प्रभु श्री राम दरबार के बारे में कहा 2017-18 से हम सबों ने मिलकर यहां पर राम दरबार का बनाने का कार्य शुरू किया। 2020 में राम दरबार की स्थापना की गयी। यहां पर जो भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, वह सूर्य मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित किया जायेगा। श्री रघुवर दास ने कहा, आज पूरी दुनिया प्रभु श्री राम के आगमन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशियां मना रहे है।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक संपन्न

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उप विकास आयुक्त, गढ़वा राजेश कुमार राय द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आगामी गणतंत्र दिवस 2024 को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न किया गया। उक्त समीक्षात्मक बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन, सार्वजनिक झंडोतोलन, प्रभात फेरी, परेड पूर्वाभ्यास, राष्ट्रगान और झांकी प्रदर्शन समेत अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए तैयारी की समीक्षा की गयी। साथ ही उक्त दिवस को प्रभात फेरी और गणतंत्र दिवस के अवसर पर किये जाने वाले अन्य कार्यक्रमों को लेकर प्रातः 6:00 बजे से 12:00 बजे तक भारी वाहनों के यातायात व्यवस्था बंद रखने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, सार्जेंट मेजर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित थें।

# बेहतर आवागमन की सुविधा से कोई भी क्षेत्र नहीं रहेगा वंचित : मिथिलेश

**मेराल के पेसका-तिसरटेटूका पथ में वर्षों से क्षतिग्रस्त पुल का होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता



पेयजल और स्वच्छता मंत्री

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत गढ़वा-चिनियां मुख्य पथ के भुईयां टोला तीसरटेटुका पथ में बबई नदी पर एक करोड़ 66 लाख 79 हजार 100 रुपये की लागत से नया पुल का निर्माण किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना से बनने वाले इस पुल निर्माण की निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त नदी पर पूर्व से निर्मित पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गयी थी। यह मार्ग तीसरटेटुका होते हुए झोतर, जरही तक जाती है। स्कूल से प्रतिदिन काफी संख्या में लोगां का आवागमन होता है। पुल की जर्जर स्थिति के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। वस्तुस्थिति को देखते हुए झारखंड सरकार ने उनके आग्रह पर उक्त पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार हर क्षेत्र में जनहित को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य कर रही है। पूर्व में पूरे गढ़वा की सड़क, पुल, पुलिया आदि की स्थिति काफी जर्जर थी। परंतु उनके प्रयास और हेमंत सरकार के विकास नीतियों के फलस्वरूप आज संपूर्ण गढ़वा के चप्पे-चप्पे पर बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गयी है। अधिकतम क्षेत्रों में अतिआवश्यकता वाले सभी सड़कां, पुल, पुलिया आदि का निर्माण हो चुका है। साथ ही बहुत सारे क्षेत्रों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। जबकि शेष बचे क्षेत्रों में बहुत जल्द कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। आने वाले समय में गढ़वा का कोई भी क्षेत्र बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। मंत्री ने कहा कि पूर्व में गढ़वा के अधिकतम सड़कों की स्थिति ऐसी थी कि इन सड़कों पर यात्रा करते समय लोगों का जान हमेशा जोखिम में रहता था। परंतु आज गढ़वा की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। शहर से लेकर गांव तक हर ओर आवागमन के लिए बेहतर सड़कें उपलब्ध हैं।

# भाजपा नेता भगत साहू ने प्रदेश उपाध्यक्ष का अभिनंदन किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कमिटी द्वारा गढ़वा जिला से पूर्व सांसद प्रत्याशी जवाहर पासवान और भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद भाजपा नेता भगत सिंह साहू ने अपने गढ़वा स्थित आवास पर श्री पासवान का शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत के उपरांत पार्टी द्वारा चलाया जा रहा दीवाल लेखन का कार्यक्रम सामुहिक रूप से समीक्षा किया गया। जिसमें मुख्य रूप पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, चंद्रमनी धर दुबे, राजकुमार सोनी, प्रवीण सोनी, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सरयू गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अमित तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, दिलीप सोनी अशोक मेहता, प्रताप जायसवाल सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला परिवहन कार्यालय गढ़वा द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के मद्देनजर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 15 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। जिसके तहत आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। इस दौरान उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। जिससे सड़क दुर्घटना जैसी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण अप्रिय घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-गोपनीय शाखा पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हॉस्पिटल में जाकर रोगियों के बीच फल, ब्रेड, बिस्कुट, लाई, तिलकुट का वितरण




श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के सदस्यों ने स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर, वृद्धाश्रम श्री बंशीधर नगर और गुलाब हॉस्पिटल में जाकर रोगियों के बीच फल, ब्रेड, बिस्कुट, लाई, तिलकुट का वितरण किया। मौके पर समूह के व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह अपने 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर इलाज करा रहे रोगियों के बीच जाकर उन्हें खाद्य पदार्थ भेंट करते आया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से कंबल वितरण कार्यक्रम के समापन के बाद विभिन्न हॉस्पिटलों में जाकर इलाज रत रोगियों के बीच दूध, फल, ब्रेड, बिस्कुट, तिलकुट का वितरण किया गया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह समय-समय पर आश्रम के माध्यम से दूर दराज में रहने वाले लोगों को बेहतर इलाज के लिए मेगा स्वास्थ्य कैंप, मिर्गी दवा के लिए मिर्गी दवा वितरण कैंप, निशुल्क लगाकर हजारों लोगों को मुफ्त में इलाज और जांच करने का कार्य करते आयी है। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, संयुक्त मंत्री नागेंद्र प्रसाद, मनोज प्रताप देव, छोटू कुमार रंजन, गुड्डू प्रसाद, राजीव सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 22 जनवरी को श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी की झांकी के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

रंका (आजाद सिपाही)। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी रंका अनुमंडल मुख्यालय में रामभक्तों के द्वारा जोरों पर चल रही है। रंका प्रखंड संयोजक सोनू कुमार मद्धेशिया ने बताया कि 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी मंदिरों में संबंधित कमेटियों के द्वारा हरिकीर्तन, पूजा पाठ किया जायेगा। श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा पाठ, प्राण प्रतिष्ठा लाइव प्रसारण, महाआरती, महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। दो बजे श्री राम लक्ष्मण जानकी की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। मौके पर सोनू कुमार मद्धेशिया, सह संयोजक आलोक कुमार, राजेश मद्धेशिया, सुलपानी सिंह, उत्तम पांडेय, कमलेश नंदन, सुनील, संदीप, अभिनय सहित काफी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

## पॉक्सो एक्ट में आरोपी गिरफ्तार

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा प्रखंड के पुतुर गांव निवासी मिथलेश कुमार गुप्ता को धुरकी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।
थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि आरोपी पुतुर गांव निवासी 24 वर्षीय मिथलेश कुमार गुप्ता के उपर धुरकी थाना कांड संख्या 9/24 452/376(3) और पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिक दर्ज की गयी थी । आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सगमा सेविका के रूप में सपना कुमारी का चयन



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सगमा पंचायत के कटहर खुर्द गांव में ग्राम सभा आयोजन कर मेधा अंक के आधार पर सपना कुमारी को सेविका के रूप में चयन किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रभारी सीडीपीओ जुल्फिकार अंसारी बीडीओ सत्यम कुमार बालविकास पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से चयन प्रमाण पत्र सपना कुमारी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अन्य ग्रामीणों के साथ पंचायत के मुखिया तेज लाल भुइयां उप प्रमुख अर्जुन पासवान सहित वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर ओपी के प्रांगण में गुरुवार को श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता ओपी के एसआई रविशंकर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर ओपी क्षेत्र के सभी गणमान्य तथा दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। इस अवसर को सभी लोग मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का प्रयत्न करेंगे।

# डीएवी में एयर राइफल शूटिंग प्रशिक्षण आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में एयर राइफल सूटिंग प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश बनारस से आये हुए अश्विनी कुमार दुबे ने कहा, बच्चों में अगर गुणवत्ता हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता है। एयर पिस्टल, एयर राइफल में बच्चों ने टारगेट पॉइंट पर टारगेट कर फायर किया। इसमें तीन बच्चे बहुत ही अव्वल रहे। मेराल प्रखंड में स्थित डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में निदेशक कि निगरानी में एयर राइफल सूटिंग का बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। उपस्थित विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधानाचार्य मनोज कुमार उप प्रधानाचार्य मधु कुमारी सिंह रिजवान अंसारी पारसनाथ विश्वकर्मा, शुफिया नाहिद, प्रियंका कुमारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर आदि लोग उस्थित थे।

# सेविका चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी ।** प्रखंड अंतर्गत रक्सी पंचायत के कदवा गांव के पूवीर्भाग में सेविका चयन के लिए ग्राम सभा किया गया था। प्रखंड अंतर्गत स्थित कदवा गांव के पूवीर्भाग में बाल विकास परियोजना धुरकी के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी की अध्यक्षता में आंगन बड़ी सेविका चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजित किया गया था। पर्यवेक्षक के द्वारा चयन प्रक्रिया किया जा रहा था कि ग्रामीणों द्वारा पूछा की ये चुनाव की जानकारी दी जाये। पर्यवेक्षकों के द्वारा जानकारी दी ही जा रही थी कि एससी, एसटी, ओबीसी, कैंडिडेट को लेकर बात बढ़ता गया। वहीं ग्रामीण आक्रोश जताते हुए नारेबाजी करने लगे, सभी ग्रामीणों ने एक अवर में नारेबाजी करते हुए कहा कि चेन प्रक्रिया को सभी जातियों की जनसंख्या देखते हुए जनरल किया जाये या चुनाव रद किया जाये। ग्रामीणों ने अंतत अग्रेश्वर तिथि तय कर उचित चुनाव करने की मांग की गयी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि इस चुनाव में रिजर्वेशन सीट के लिए ग्रामीणों ने मांग कर रहा है। उसके लिए अभी स्थगित किया जा रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधित्व नारायण बैठा, विपिन यादव, रेवत यादव, उप मुखिया संजय यादव सहित काफी लोग उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविका के चयन में हंगामा, ग्राम सभा निरस्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत ताली गांव में मध्य विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविका का चयन को लेकर सीडीपीओ नंदजी राम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में शुरूआत से ही गहमागहमी शुरू हो गयी। ग्रामसभा में सेविका पद के लिए पांच आवेदकों ने आवेदन दिया। दिये गये आवेदन में से दो आवेदक पोशक क्षेत्र के बाहर के थे। जिस कारण उनका आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया। जबकि मृतक आंगनबाड़ी सेविका आरती देवी के पतोहू अमृता विश्वकर्मा ने अनुकंपा और योग्यता के आधार पर आपनी दावेदारी पेश की। इस बीच ग्रामीण सड़क दुघर्टना में मृतक के पत्नी को सेविका पद पर चयनित करने को अड़े रहे जिस कारण सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी सेविका का चयन को निरस्त कर दिया।

इस मौके पर मुखिया मूंगा साह, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, प्रधानाध्यापक सुनील पांडेय, एएनएम सुलेखा कुमारी, पर्यवेक्षिका सुचित्रा कुमारी, पुर्व मुखिया संगीता देवी, लव सिंह, सोनी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सौहार्द्रपूर्ण भाईचारे के साथ पूजा-अर्चना और जुलूस निकालें: अंचलाधिकारी रामजी

**22 जनवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक हुई संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** 22 जनवरी को अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम राम को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने किया।

थाना परिसर में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 22 जनवरी को सभी सनातनि लोग शांतिपूर्ण वातावरण और सौहार्दपूर्ण भाईचारे के साथ पूजा अर्चना और जुलूस निकाले।

वहीं अंचलाधिकारी ने कहा कि जिन-जिन गांवों में पूजा अर्चना के साथ जुलूस निकाली जायेगी, वे लोग अपने-अपने रोड मैप के अनुसार ही जुलूस निकाले।

वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि किसी तरह की भ्रामक खबरें ना फैलायें, जिससे कि समाज में शांति व्यवस्था भंग ना हो सके अप्रिय घटना ना घटे। वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने कहा कि यदि किसी तरह की भ्रामक खबरें फैलायी जाती है तो मुझे सूचित करें मैं उसे पर नियंत्रण करने का काम करूंगा ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री अक्षय कुमार, श्री बाबा केशव नारायण दास, युवा समाज सेवी मारुति नंदन सोनी, पूर्व मुखिया अम्रुदीन खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सलीम राय, सोनपुरवा पंचायत के मुखिया अख्तर खान, महताब आलम, इंदल सिंह, ललन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ईट-भट्ठा माफिया करा रहे हैं बाल मजदूरी, प्रशासन मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** बाल श्रम कराना एक अपराध माना जाता है, लेकिन विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के अमहर गांव के पचाफेडी टोला स्थित बाकी नदी किनारे चिमनी ईंट भट्ठा संचालक चंद रुपयों की लालच में खुलेआम इस अपराध में संलिप्त हैं। बालश्रम कानून को ठेंगा दिखाते हुये यहां बच्चों से कच्चे ईंट की पथाई ढुलाई समेत कई अन्य कार्य करा रहे हैं। पदाधिकारियो की कार्रवायी नहीं करने के कारण इट भट्ठा माफिया इस कार्य मे धड़ल्ले से लगे हुए है। गुरुवार को अमहर गांव के बाकी नदी किनारे 501 मार्का चिमनी ईट भट्ठा पर दर्जनों बाल मजदूरों को कार्य करते देखा गया। इस भट्ठे पर अलग-अलग हिस्सों पर बड़े मजदूरों के साथ बाल मजदूर भी कार्य कर रहे थे। बताया जाता है कि ईंट भट्टों की जांच के नाम पर जिम्मेदार पदाधिकारी सिर्फ चाय-पानी की दुकानों पर छापामारी कर कर्तव्यों से इतिश्री कर ले रहा है।

सबसे बड़ी बात है कि इस भट्ठे कि 50 फिट की दूरी पर नव प्राथमिक विद्यालय है। संचालित भट्ठे से निकलने वाली ट्रेक्टर और मजदूरों की आवाज से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे काफी असहज महसूस करते है। शिक्षण कार्य में भी काफी परेशानी होती है। प्रखंड क्षेत्र में कयी ईंट-भट्ठे संचालित हैं, यहां कयी भट्ठों पर दूसरे प्रदेश से श्रमिक ईंट की पथाई का कार्य करने के लिए आते हैं। भट्ठों पर ही झुग्गी झोपड़ी बनाकर श्रमिक परिवार जीवनयापन कर रहा है, इनके छोटे बच्चे भट्ठा संचालकों के लिए सस्ते मजदूर हैं। भट्ठे पर ईट पथाई, कच्चे ईंट की ढुलाई, बच्चों द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने, कोयला तोड़ने आदि काम में बाल श्रमिकों को लगाया जाता है। सामान्य दिहाड़ी से आधे रेट में इन्हे भुगतान मिलता है। बालश्रम में फंसकर यह बच्चे स्कूल का मुंह नही देख पाते हैं, और बड़े होकर भट्ठों पर ईंट पथाई समेत अन्य परंपरागत कार्य में जुट जाते हैं। बालश्रम पर अंकुश लगाने के लिए छापामारी सिर्फ प्रखंड क्षेत्र के चौक-चौराहों पर चल रहे चाय-पानी की दुकानों तक सीमित है. ठोस कार्रवाई न होने से सस्ते मजदूर के तौर पर पढ़ने-लिखने की उम्र में ईंट-भट्ठों पर बचपन घुट रहा है।

501 मार्का चिमनी ईट भट्ठा गढ़वा निवासी निवासी सुनील मेहता का है, यहां करीब 50 बच्चे हैं। ईट भट्ठा पर पढ़ाई लिखायी की कोई व्यवस्था नहीं है। मजदूर गरीबी से इतना विवश है कि पेट भरने के लिए बच्चों के साथ इस ईट भट्ठा पर काम करने आते हैं।

इस संबंध में पूछे जाने पर श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने बताया कि जांच कर भट्ठा संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।


**कार्यपालक अभियन्ता का कायलिय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 09/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 18.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/HAZ/ MMGSY/17/ 2023-24 | कटकमदाग | विकास नगर नियर पंचषील कॉलोनी में ममता देवी पति मुन्ना सिंह के घर होते हुए बनहा खपरियावां तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.00 कि0मी0) | 99,71,100/- | निन्यानबे लाख एकहत्तर हजार एक सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 2 | RWD/HAZ/ MMGSY/18/ 2023-24 | कटकमसांडी | पंचायत+ग्राम–कण्डसार में रेलवे क्रॉसिंग से महाने नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.030 कि0मी0) | 2,74,66,500/- | दो करोड़ चौहत्तर लाख छियारसठ हजार पॉच सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 3 | RWD/HAZ/ MMGSY/19/ 2023-24 | कटकमसांडी | पंचायत–खुटरा, ग्राम–डुकरा में डुकरा स्कूल से पबरा पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.080 कि0मी0) | 2,22,51,300/- | दो करोड़ बाईस लाख एकावन हजार तीन सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |
| 4 | RWD/HAZ/ MMGSY/20/ 2023-24 | कटकमदाग | पंचायत+ग्राम–बेस में मणि राणा के घर से सरना स्थल तक कालीकीण एवं पुलिया निर्माण कार्य (लं0–1.30 कि0मी0) | 1,70,68,400/- | एक करोड़ सत्तर लाख अड़सठ हजार चार सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–24.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–31.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–01.02.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

PR 316436 Rural Work Department(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

## इवीएम और वीवीपैट के बारे में लोगों को दी जा रही जानकारी




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जिले में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ ही निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों के प्रचार प्रसार को लेकर जागरूकता वाहन सह मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वाहन का संचालन किया जा रहा है। ईवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से जिले के खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में ईवीएम वीवीपैट के संबंध में सभी जरूरी जानकारी मतदाताओं को उपलब्ध करायी जा रही है। इसके साथ ही जिले के समाहरणालय, विकास भवन व अनुमंडल कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र स्थापित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी दी जा रही है।

### तोरपा में झारखंड पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन

# बिना घूस दिये सरकारी कार्यालयों में काम नहीं होता : एनोस एक्का

**झारखंड राज्य बनाने के लिए हमारे पूर्वजों ने कुर्बानी दी है**

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। बिना घूस के किसी सरकार में कोई काम नहीं होता। हेमंत सोरन अपना खजाना भरने में लगे हैं। एनोस एक्का गुरुवार को तोरपा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं से भरे खचाखच भरे विवाह मंडप में एनोस एक्का ने कहा कि राज्य सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस को मणिपुर में एक आदिवासी युवती से हुए दुष्कर्म की घटना नजर तो आती है, पर तोरपा आदिचासी युवती के साथ हुए दुष्कर्म और जयपुर की युवती की गुमला में हुई नृशंस हत्या इन राजनीतिक दलों को नहीं दिखती। आज तक किसी भी दल ने इसकी निंदा तक नहीं की। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ही माटी और गांवों से जुड़ी पार्टी है। इसी ने तोरपा सें झारखंड आंदोलन की शुरूआत की थी। पूर्व मंत्री ने कहा कि अपने पांच साल के मंत्रित्व काल में अर्जुन मुंडा ने क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि विधायक पूरी तरह सुस्त हो गये हैं। ऐसे विधायक को जल्द से जल्द बदल देना चाहिए। एनोस एक्का ने कहा कि भारी संख्या में दूसरे दलों के लोग झारखंड पार्टी से जुड़ रहे हैं। आज भी दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदसयता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए कई लोगों ने इच्छा जताई है, पर टिकट उसी को दिया जायेगा, जिसकों जनता कहेगी और जाकर लगातार क्षेत्र में काम करेगा। उन्होंने कहा कि न तो भाजपा और न ही कांग्रेस या झारखंड मुक्ति मोर्चा क्षेत्र की भलाई कर सकते हैं। इसिलिए एक बार फिर से झारखंड पार्टी को मजबूत करना है। एनोस एक्का ने कहा कि बहुत जल्द झारखंड पार्टी नगाड़ा पिटावन रैली का आयोजन करेंगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी राज्य की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि यही पार्टी जल, जंगल और जमीन के लिए आंदोलन करनेवाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य पाने के लिए हमारे पूर्वजों ने कुबार्नी दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ने लोगों के स्वाभिमान की रक्षा करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब एनोस एक्का राज्य के ग्रामीन मंत्री थे, उस समय जितन काम हुआ था, वें अब भी नजर आते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार के पास गांवों के विकास की कोई योंजना नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें तोरपा सीट से भाजपा को हर हाल में भगाना है। उन्होंने कहा कि राजनीति में काफी ताकत होती है। इसलिए ऐसा नेता को चुनें, जो आपके सुख-दुःख में आपके साथ हो। कार्यक्रम को पवन कुमार गुप्ता, अनूप कुमार श्रीवास्तव, बांदू के डॉ के रूप में प्रसिद्ध डॉ मनीष मुंडा, असीमा टोंपनो, डॉ सीताराम मुंडा सहित कई लोगों ने विचार वयक्त किये।

## उत्कल एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार की मौत, ट्रेन सेवा दो घंटे बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गम्हरिया।** उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गयी है। गम्हरिया रेलवे स्टेशन के पास वेस्ट यार्ड के पोल संख्या 260/18-22 के बीच उत्कल एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18478 की चपेट में आकर चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची रेल पुलिस व पदाधिकारियों की मौजूदगी में डाउन लाइन से तीन तथा अप लाइन से एक शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिलीफ ट्रेन से टाटानगर भेज दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे ओसी गुलाम रब्बानी ने बताया कि घटना में चार लोगों की मौत हुई है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पायी है। घटना के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। घटना गुरुवार शाम करीब 6:40 बजे की है। चारों शवों को पटरी से उठाकर लाइन को क्लियर किया गया। घटना को लेकर करीब दो घंटे तक उक्त पटरी पर रेल का परिचालन बाधित रहा।

## नीलकंठ मुंडा को भाजपा का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा को फिर से भाजपा का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर खूंटी जिला भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकताओं ने कहा कि नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में खूंटी भाजपा और मजबूत होकर उभरेगी। हर्ष प्रकट करने वालों में लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, जिला अध्यक्ष चंद्र शेखर गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काशी नाथ महतो, संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, संजय साहू, तुलसी भगत, कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया, विष्णु सोनी, महामंत्री बिनोद नाग, शशांक शेखर राय, मंत्री गोपाल स्वर्णकार, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, संजय नाग, कोषाध्यक्ष लव चौधरी, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, सह मडिया प्रभारी जनार्दन मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, सोशल मीडिया सह मीडिया प्रभारी महावीर राम, युवा कार्यसमिति सदस्य प्रियांक भगत, आईटी संयोजक गुलाब महतो, जिला मोर्चा के अध्यक्ष राजेश महतो, योगेन्द्र नायक, राजीव कुमार महतो, श्याम सोनी, रामानंद साहू, संजय मुंडा, जोनिका गुड़िया, रंदाय नाग, सुरेश जयसवाल, निखिल कंडुलना, मदन मोहन गोप, रामबिहारी लाल, मोती पातर, बालकिशुन महतो, पुरेंद्र मांझी, रामध्यान सिंह आदि शामिल हैं।

## अफवाहों पर उग्र न हों और भीड़ का हिसा न बनें: डिप्टी कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** 106 रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने गुरुवार को बिरसा कॉलेज खूंटी के छात्र- छात्राओं के समक्ष रैपिड एक्शन फोर्स की कार्यशैली, उसकी महत्ता तथा नागरिकों की सुरक्षा समस्याओं में सहभागिता संबंधी डॉक्यूमेंट्री दिखाई। 106 रैफ जमशेदपुर के डिप्टी कमांडेंट प्रकाश चंद्र बादल ने छात्रों को रैपिड एक्शन फोर्स के मोटो अर्थात सर्विंग ह्यूमैनिटी विथ सेंसिटिव पुलिसिंग के बारे विस्तार से समझाया और इसमें भर्ती होने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। रैफ की नीली वर्दी होने का कारण भी उन्होंने छात्रों से साझा करते हुए कहा कि यह शांति का प्रतीक है और रैफ का काम ही है हिंसा रहित कार्यशैली से शांति बहाल करना। इंस्पेक्टर शंभू तिवारी और इंस्पेक्टर लक्ष्मण राय ने भी रैफ से जुड़ने का जुनून और अपने सेवा काल के किस्सों से अवगत कराया। एएसआई बीरेंद्र राम और कांस्टेबल कुमार गौतम सिंह ने भी अपने अनुभव छात्रों से साझा किया। कार्यक्रम में दंगारोधी उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया और छात्रों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का जवाब भी दिया गया। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या जी किड़ो ने रैफ के जवानों की सराहना करते हुए छात्रों को उनसे प्रेरित होने को कहा और देश के प्रति उनके जज्बे को सलाम कहा। कार्यक्रम में प्रो सीके भगत, प्रो जया भारती कुजूर, प्रो पूनम माई तिउ, प्रो सुशीला कुजूर, प्रो संध्या, प्रो रेशमा रेनी, राजकुमार गुप्ता, रीता मुंडू उपस्थित थे।

## सीआइएसएफ आइजी शांता जी जयदेव ने किया पिपरवार का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीआइएसएफ की आइजी शांता जी जयदेव ने गुरूवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर सीआईएसएफ कैंप बचरा में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस और पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने बुके देकर आइजी का स्वागत किया। वही आइजी शांता जी जयदेव ने कैंप परिसर मे वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षित रखने का संदेश दिया। उन्होंने कैंप परिसर का औचक निरीक्षण कर समस्याओं की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने स्थानीय अधिकारियो के साथ अशोक परियोजना कोयला खदान और अशोका आउट पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने आउट पोस्ट में रहकर डयुटी कर रहे सीआइएसएफ के जवानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर जीएम सीबी सहाय,सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांडेड मृत्युजंय स्वामी,उपेन्द्र सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट संजय कुमार मीणा, इंस्पेक्टर एनके चोहान, एमके चौधरी, रवि रंजन, स्वाति कुमारी, गीला मनी, सुमन तिवारी, विकाश कुमार, डीके चौधरी, पिपरवार के एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार सहित सीआईएसएफ और सीसीएल के कई अधिकारी मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का लिया संकल्प



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा माह के तहत राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय मुरहू में गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करेंगे। साथ ही अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक, प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

## सीसीएल ने इसीएल की टीम को 11-2 गोल से हराया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में सीसीएल ने ईसीएल की टीम को 11-2 गोल से हराया। कोल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट भोपाल पल्ली के बीआर अंबेडकर स्टेडियम में हो रहा है जिसमे कोल इंडिया की सभी कंपनी की हॉकी टीम भाग ले रही है। सीसीएल की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए ईसीएल की टीम को 11 गोल से हराया। सीसीएल की ओर से संजय सोरेन पांच गोल, आनंद कुमार दो, देवीलाल सोरेन दो, हुलास एक, और शनि ने एक गोल किया। सीसीएल की टीम में एनके एरिया से सुशील केरकेट्टा खेल रहे हैं।

## सतीश सिन्हा ने किया एनके एरिया का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने एनके एरिया का दौरा किया। उनके आगमन पर एनके एरिया के यूनियन सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यूनियन सदस्यों के साथ वीआईपी में एक बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही संगठन की मजबूती प्रदान करने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। यूनियन सदस्यों ने क्षेत्र के कोयला कामगारों की समस्या से महामंत्री को अवगत कराया। सतीश सिन्हा ने कहा कि एनके क्षेत्र के कोयला मजदूरों को आवास, बिजली, पानी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर सभी पदाधिकारी तत्पर रहे। बैठक के बाद उन्होंने यूनियन सदस्यों के साथ एनके एरिया के नवपदस्थापित महाप्रबंधक सुजीत कुमार से औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान सतीश सिन्हा ने महाप्रबंधक को क्षेत्र के कोयला कामगारों की आवास, प्रमोशन, पेयजलापूर्ति आदि समस्याओं से अवगत कराया। महाप्रबंधक ने मजदूरों की समस्याओं के निदान का भरोसा यूनियन सदस्यों को दिया है। इस मौके पर यूनियन के एरिया सचिव हरेंद्र सिंह, कन्हाई पासी, जगदीश चौहान सहित अन्य यूनियन सदस्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### अफीम की खेती पर पुलिस का पहरा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 26 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को एसएसबी और पुलिस ने किया नष्ट, तमाड़ थाना क्षेत्र के भुइयाडीह एवं बाबूरामडीह गांव के आसपास के जंगल में अभियान चलाकर एसएसबी 26वीं वाहिनी के जी कंपनी तमाड़ एवं 'सी' कंपनी बासुकोचा के साथ तमाड़ पुलिस के संयुक्त रूप से अभियान चलाकर लगभग 26 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया। इस अभियान में दिनेश कुमार (उप कमाडेंट) 26 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रांची के साथ अजीत कुमार उपाध्याय(सहायक कमाडेंट) जी कंपनी एसएसबी तमाड़ एवं सिद्धार्थ आर, (सहायक कमाडेंट) सी कंपनी बासुकोचा के साथ जी और सी कंपनी के अन्य जवान और तमाड़ थाना के सहायक उपनिरीक्षक परमेश्वर शर्मा इस अभियान में शामिल थे। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि युवाओं को समाज के मुख्य धारा से जुड़ा जा सके एवं इन नशीली पदार्थों से उनके भविष्य को बचाया जा सके।

### उल्लास के साथ शिवटंगरा टुसू मेला संपन्न

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महेशपुर-पूरनानगर गांव में गुरुवार को शिवटंगरा टुसू मेला का आयोजन किया गया। लोग मेला में चौड़ल के साथ नाचते गाते आये। मेले में झारखंड लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। मेले में कई तरह के स्टॉल लगे थे। लोग मेला परिसर में स्थित शिवलिंग की पूजा अर्चना भी किये। चौड़ल दल लोक नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों द्वारा चौड़ल-टुसु दल को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया कृष्णा पातर राकेश किरण महतो, अक्षय महतो, लहरू महली उमेश महतो आदि मौजूद।

### बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हारिन, पंडाडीह, तिलाईपिड़ी ओर टांगटांग में बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग के कनीय अभियंता मुरली प्रसाद ने हारिन गांव के अक्षय महतो, पंडाडीह गांव के रामेश्वर सिंह मुंडा, सुशांत साहू, संतोष साहू, तिलाईपीडी गांव के महकम महतो, टांगटांग गांव के नरेंद्र कुंहार के खिलाफ थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### घर-घर जाकर किया दीपोत्सव मनाने का आह्वान



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आम लोगों को आमंत्रित करने हेतु गुरुवार को सोनाहातू व्यवसायिक संघ के सदस्यों ने द्वारा अक्षत वितरण किया गया। अक्षत वितरण के साथ आम लोगों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। अक्षत वितरण कार्यक्रम सोनाहातू बाजार में घर-घर जाकर किया गया। लोगों से अपील किया गया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घरों में दीपोत्सव मनाये। अक्षत वितरण कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने सोनाहातू थाना जाकर प्रभारी सतीश वर्णवाल सहित पुलिसकर्मियों को आमंत्रित किये। संघ के अध्यक्ष धनेश कुशवाहा, पवन जयसवाल, आंनद स्वर्णकार, आंनद विद, सोहन महतो के साथ धार्मिक लोगों ने सहयोग किया।

### वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड थाना क्षेत्र के रांची टाटा मार्ग गागरसोतिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना के बाद शव को कुचलते हुये कई गाड़ीयां गुजरी जिससे शव पुरी तरह क्षत विक्षत हो चुका है। इसलिये पहचान करना मुश्किल हो रहा है। मौके पर तमाड़ पुलिस पहुंची। शव को लेकर थाना ले गयी फिर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया।

### बादल छाये रहने के कारण ठंड बढ़ी

**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र में बीते दो दिन से बादल छाए रहने के कारण क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। आसमान मे कोहरा व कुहासा छाया हुआ है, आज दिन भर चारो ओर धुध छाया था, चौक चौराहा में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगो को ठंड से निजात नही मिल रहा है। अस्पताल मे रोगियों का इजाफा हुआ है। लोगों मे पेट की बिमारी अधिक हो रही है। सर्दी जुकाम हर घरों मे लगी हुई है। लोगों का एक दुसरे जगहों पर आना जाना कम हुआ है टुसु मे भी इसका असर दिख रहा है किसानों को दो तरफा मार झेलने पड़ रहे है। उनके लगाये सब्जी मे कीड़े पड़ रहे है।

### ओड़िशा के तपन कुमार साइकिल से जायेंगे अयोध्या, बुंडू में होगा अभिनंदन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तपन कुमार संबत 14 जनवरी 2024 को लगभग 2:00 बजे ओड़िशा के जगतसिंहपुर से अयोध्या 1215 किलोमीटर की दूरी को साइकिल से तय करेंगे। इसी क्रम में गुरुवार को बुंडू के सुभाष चौक पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बंटी चौधरी, राकेश जयसवाल, अनिल गुप्ता, वापी डे, मुकेश जैन, अजय जायसवाल, टीपू साहू, लालटु हल्दार, महावीर कुम्हार, तन्मय चेल, उपस्थित थे।

### ख्वाजा गरीब नवाज के सालाना उर्स पर पिपरवार में डैग फातेहा का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे हिन्दवली हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के सलाना उर्स मुबारक के मौके पर डेग फातेहा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बचरा,राय, कल्याणपूर और न्यू मंगरदाहा मे कुरानखानी एंव मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया, जिसमे हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। राय मदरसा मे दोपहर दो बजे डैग फातेहा का आयोजन किया गया। फातेहा के बाद क्षेत्र एंव राज्य की अमन चेन और खुशहाली की दुआ मांगी गयी। जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया। वही बचरा जामा मस्जिद में सुबह में कुरानखानी और मिलाद शरीफ एवं शाम को डैग फातिहा का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। डैग फातिहा के बाद क्षेत्र और राज्य की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी, जिसके बाद सभी लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया। इस मौके पर हाफिज मुमताज,सदर इस्लाम अंसारी,सेक्रेटरी इरफान शेख, अयूब अंसारी, अब्दुल कूदूस, अमजद अली, राशिद कादरी, पिन्टु खान, जसमुद्दीन अंसारी, जैनुल आबेदीन, नसरुद्दीन मंसूरी, कलन आजाद, मुबारक हुसैन, सैयद अरमान, रिंकू खान, छोटू खान, फारूक मंसूरी, जहांगीर मंसूरी, दस्तगीर आलम, मास्टर फैयाज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# केंद्र की योजनाओं का लाभुक उठायें लाभ : बाबूलाल मरांडी



## हुआंगहातू में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** भाजपा खिजरी मंडल अंतर्गत नामकुम प्रखंड के हुआंगहातू गांव में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा रांची सांसद संजय सेठ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इस दौरान भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को उपलब्ध कराने की बात कही गयी। इसके बाद विकसित भारत निर्माण के लिए सभी ने संकल्प लिया और भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित पंपलेट एवं कैलेंडर का वितरण भी किया। इस मौके पर हटिया विधायक नवीन जयसवाल, पूर्व विधायक आरके पाहन, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, कोषाध्यक्ष समीर राय, उपाध्यक्ष प्रज्ञा भारती, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, बिरसा पाहन, सुरेंद्र महतो, जितन देवी, सोहराई पहान, विवेक मुंडा, राजू लकड़ा, प्रभु दयाल बड़ाईक, रमेश लकड़ा, गोपाल चौधरी, अनिरुद्ध पांडेय, प्रकाश मुंडा आदि उपस्थित थे।

# टाटीसिलवे चैलेंजर कप आयोजन समिति की बैठक, फलिंद्र करमाली बने मुख्य संरक्षक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे फुटबॉल अकेडमी के तत्वाधान 21 जनवरी से शुरू होने वाली छह दिवसीय टाटीसिलवे फुटबॉल चैलेंजर कप आयोजन समिति की बैठक गुरुवार को टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में हुई। जिसमें इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष जगदीश नायक ने की। टूर्नामेंट में विजेता को एक लाख, उपविजेता को 60 हजार, तृतीय एवं चतुर्थ आने वाली टीम को क्रमशः15-15 हजार रुपए देकर सम्मानित किया जायेगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीम हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 26 जनवरी के दिन खेला जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य फलिंद्र करमाली को मुख्य संरक्षक बनाया गया। इस दौरान टाटीसिलवे फुटबॉल अकेडमी के अध्यक्ष बिगना महतो, सचिव मनेश महतो, संयोजक सुमित कुमार महतो, कप्तान सुरज महतो, मनोज महतो, अर्जुन महतो, जीतवाहन करमाली, शिव पाहन, लखन बैठा, प्रेम नायक, सोनाराम महतो आदि उपस्थित थे।

# कैंब्रिज बीएड में इफेक्टिव कम्युनिकेशन पर कार्यशाला



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज बीएड कॉलेज (सीआईटीई) में गुरुवार को मूल्य वर्धीत कोर्स के तहत इफेक्टिव कम्यूनिकेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर रिसोर्स पर्सन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी की सहायक प्राध्यापिका डॉ मनीषा रानी ने विषय से संबंधित मूल तथ्यों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक-दूसरे के बीच प्रभावी संप्रेशन केवल सरल संवादों से ही नहीं, बल्कि भावों और विचारों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने से होता है। जिससे सहज अंदाज में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच सुगम संचार स्थापित होता है। कार्यशाला में बीएड व डीएलएड दोनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संचालन सहायक प्राध्यापिका अनीता मेहता ने किया। मौके पर प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, कोऑर्डिनेटर संजीव तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्येश कुमार सिंह, डीएलएड विभागध्यक्ष डॉ रेणुका, अपूर्व मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

# लैंपस-पैक्स प्रतिनिधियों ने जैविक खेती का किया अवलोकन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा पंचायत के गुंदलीटोला में गुरुवार को लैंपस-पैक्स के 40 सदस्यी एक दल ने शिवचरण बेदिया के खेत में लगी जैविक फसल का अवलोकन किया। साथ ही खेती में उपयोग किए जाने वाले जैविक खाद एवं दवा की भी जानकारी ली। मालूम हो कि इन प्रतिनिधियों का रांची के मोराबादी स्थित रामकृष्ण मिशन दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में जैविक खेती पर 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण चल रहा है। मिशन द्वारा इन्हें अवलोकन के लिए भेजा गया था। मौके पर निर्मल बेदिया, सोहरईया बेदिया, शीतल बेदिया, अरविंद कुमार आदि थे।

# जसपुरिया बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंदन कुमार पंकज ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। संगोष्ठी में चेयरमेन जैलेन्द्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुवों से अवगत कराया। संचालन अनुज किस्कू ने किया।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में सांसद ने लोगों से की अपील

# हम सभी को मोदीजी के हाथों को मजबूत करना है : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश व अन्य।

**इटकी।** रानीखटंगा पंचायत में गुरुवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अअध्यक्षता बीडीओ गौतम प्रसाद साहू और संचालन वीटीएम सुमन बारला ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। ऐसे में हम सभी को मिलकर इस संकल्प को पूरा करना चाहिए। जिससे हमारा देश विश्व में नंबर एक हो जाए। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वाला योजना सहित कई जन कल्याणकारी योजना चला रखी है इसका सजगता के साथ लाभ उठाना है। वहीं, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और भाजपा नेता सत्री टोप्पो ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। इसके पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़कर लाभुकों और प्रधानमंत्री के बातों को सुना। कार्यक्रम में महिला समितियों को 18 लाख रुपये का चेक, ग्यारह मजदूरों को जॉब कार्ड, पांच लाभुकों को प्रधान मंत्री आवास और 100 ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यकम में मुखिया राजन किस्पोट्टा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, बीपीआरओ धनेश्वर राम, कोऑर्डिनेटर संदीप बाखला, वीपीओ संजय साहू आदि उपस्थित थे।

# खिजरी विधायक ने रखी विकास योजनाओं की आधारशिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंनें सबसे पहले सिरका पंचायत के महेशपूर गांव में पलटन चौक से शहजादा खान के घर तक अनावद्ध निधि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। उसके बाद गेतलसूद पंचायत में विधायक मद से करंजटोली रोड से हड्डवा चटान टोली तक बनने वाले 460 पीसीसी पथ निर्माण, बीसा पंचायत के गुंदलीटोला में जीवधन बेदिया के घर से बड़वारी तक पीसीसी पथ निर्माण, बीसा टुगंरी टोली में चबुतरा निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग मद से बीसा से बुढ़ाकोचा तक ढाई किलोमीटर सड़क का सुदृढ़िकरण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, साकीर अंसारी, मुखिया रोशनलाल मुंडा, वार्ड सदस्य नुरअफसा परवीन, पंसस प्रतिनिधि साहेबराम महतो, पूर्व उपप्रमुख अनवर खान, परवेज खान, ग्रामप्रधान सौभाग्य मुण्डा, कांग्रेस नेता मुमताज खान, एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, समीम खान, दशरथ पहान, सचिन नायक, अजय तिर्की, रोहित नायक, अजय आर्या, अशोक बेदिया, सरफराज खान, संगीता कैथा, सरिता देवी, अनिता देवी, शीला देवी, पूर्व पंसस सविता देवी, अजय मुंडा, विपीन मुण्डा, साकीर खान, रफीक खान, शहनवाज खान आदि मौजूद थे।

# सन्नी टोप्पो ने 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दानेकेरा पंचायत के कोयनारा गांव में गुरुवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने 100 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए उनकी ओर से जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। मौके पर मुखिया भुचला मुंडा, बंधन लोहरा, बंधना उरांव, सोमनाथ बड़ाईक, राजू बड़ाईक, सालिक बड़ाईक, दिलीप उरांव, तेजुवा उरांव, चामू बड़ाईक, चामू मुंडा, धर्मेंदर बड़ाईक, भीखराम बड़ाईक, देवचरन लोहरा आदि मौजूद थे।

# मांडर विधायक ने लापुंग में किया तीन अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** प्रखंड में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने संयुक्त रूप से गुरुवार को लाखों रुपये की लागत से निर्मित होने वाली तीन अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद से लापुंग के राजकीयकृत उच्च विद्यालय लापुंग में चार कमरा व हॉल व दोलैचा में एक उप स्वास्थ्य केंद्र के अलावे मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना लतरातू से डोम टोली करो नदी तक 3.3 किमी सड़क का निर्माण। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में चार कमरा के अलावे एक हाल बनाया जाएगा। इस अतिरिक्त कमरे के बन जाने से प्लस टू उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों को पठन पाठन व बैठक हॉल बनजाने से कमरे की कमी को पूरा किया जा सकेगा। मौके पर बीडीओ जयविरस लकड़ा, प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, मुखिया सविता उरांव, नशिम आलम, कांग्रेस के युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, मुखिया मालती रानी केरकेट्टा, सुरेश साहू, बोनीफास कोंगाडी, फिरू साहू, सुखु लोहरा, अजय साहू, राजेश बारला, पहरु लोहरा, चरकु भगत, संतोष कुमार साहू आदि मौजूद थे।

## 21 जनवरी को ओरमांझी में निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

# 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीप जलायें व भगवान श्रीराम के अयोध्या आने का जश्न मनायें : प्रो आदित्य साहू

### कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई प्रखंड स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार को प्रखंड के महावीर मण्डलों राम भक्तों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू भी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि सैकड़ों साल संघर्ष और बलिदान देने के बाद आज यह शुभ दिन हम सबको देख ने को मिल रहा है। आज पूरा देश राम मय हो गया है। हम सभी उत्साह मनाते हुए 22 जनवरी को अपने-अपने घरों व मंदिरों में दीप जलाकर खुशियां मनाएंगे। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 जनवरी को प्रभु श्री राम के अयोध्या धाम में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में ओरमांझी दुर्गा महादेव मंदिर परिसर से शास्त्री चौक तक गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी और हनुमान जी का रूप धरे कलाकारों के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें प्रखंड के सभी राम भक्तों को शामिल की अपील की जा रही है। बैठक में शशि मेहता, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता मानकी राजेंद्र शाही, चंपा देवी, राजेश गुप्ता, दीपक बडाईक, ललीता देवी, उमाशंकर साहू, अलखनाथ महतो, प्रवेश भोक्ता, आनंद महतो, अरविंद बबलू, नवलकिशोर, राम ईकबाल तिवारी, भीम मुंडा, राजधाम साहू, अमित साहू, विवेक आनंद, सोनाराम मुंडा, प्रदीप राणा, दीपक साहू, अजय साहू, राजेंद्र गोप, कामेश्वर महतो, बलराम महतो, शशिभूषण साहू, रूपेश प्रजापति, अर्जुन सिंह, जेठा नायक, विपत करमाली, रामलखन महतो, कुसेंद्र, अरुण मंडल, नीरज पांडे, टुनटुन पंडित, अजीत मेहता, रूपेश साहू, अजय कुशवाहा, विजय पांडे, शिवचरण महतो, अजीत कुशवाहा, दिनदयाल लोहरा, किरण देवी, ममता देवी, मनी देवी, दीपा चौरसिया, किरण मेहता, सोनी देवी, गीता देवी, जमनी देवी, पूजा सिंह, प्रतिमा देवी, मनिता देवी, मोनी केशरी, लालो देवी, सकुंतला देवी, लक्ष्मी देवी के अलावा पवन साहू, मिथिलेश पांडेय, संतोष गुप्ता, महेश साहू, कामेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, मनोज साह आदि उपस्थित थे ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने की राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से शिष्टाचार मुलाकात



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने गुरूवार को राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए इसके शीघ्र निराकरण कराने की मांग की। जिप सदस्य ने उन्हें पून: भाजपा झारखण्ड प्रदेश का महामंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। मौके पर भाजपा के युवा नेता रामसाय मुण्डा, राजू प्रमाणिक, राजेन्द्र महतो, जलेश कुमार महतो, प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

# ऋण चुकाये ऋण पाये योजना का लाभ उठायें किसान : संजीव



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी स्थित बैंक आफ इंडिया के तत्वावधान में गुरुवार को प्रोजेक्ट योजना ऋण चुकाये ऋण पाये अभियान के शुभारंभ के तहत नगड़ी बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच के तहत पांच गांवों में शिविर का आयोजन कर किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि नगडी शाखा से आयोजन ऋण चुकाये ऋण पाये अभियान से किसानों को काफी लाभ पहुंचेंगा। किसान बैंक से लिए हुए लोन को अगर चुकाने में असमर्थ हैं तो आप किसान ऋण चुकाये ऋण पाये का लाभ उठा सकते हैं। यह कार्यक्रम नगड़ी से आरंभ होकर पूरे झारखंड के बैंक आफ इंडिया के सभी शाखा में आरंभ हो गया है। प्रदेश के किसान भाइयों से आग्रह है कि इस योजना का लाभ उठाएं। अभियान के प्रखंड के नगड़ी, साहेर, बसिला, पालंडू और चिपरा में शिविर लगाया गया था, जिसमें 106 कृषकों ने ऋण चुकाया और 54 नये आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 88 लाख के बकाया पर 22 लाख रुपए पर समझौता हुआ। जिसमें नगद 15 लाख रुपए प्राप्त हुआ। इस मौके पर उप आंचलिक प्रबंधक सुनीत कुमार, नगड़ी सीनियर ब्रांच मैनेजर पास्कल लेओ होरो, पंचायत समिति सदस्य अनिता देवी, शीला देवी, गुलरेज अंसारी, उपमुखिया बालमुनी तिर्की, सुरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, संतोष कुमार, सूरज कुमार, चंद्र भानू सिंह, छवि, पराग आनंद, अभय कुमार, सुमन शर्मा, इमरान अंसारी के अलावा बैंक से बीसी प्रिंस, धर्मबीर, उमेश, वाशिष्ट पाठक, जसीम, बजरंग व चिपरा के कृषि मित्र मुकेश कुमार आदि थे।

# उज्ज्वला योजना के तहत गैस व चूल्हा वितरित

**मांडर (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला योजना के तहत गुरुवार को प्रखंड के मुड़मा में 51 महिलाओं के बीच गैस एवं चूल्हा का वितरण किया गया। वितरक आनंद गैस एजेंसी के प्रोपराइटर प्रकाश आनंद ने बताया कि केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत सभी महिलाओं को गैस एवं इससे संबंधित पूरी सामग्री मुफ्त में दी जा रही है। वहीं गैस और चूल्हा प्रकार महिलाओं ने सरकार को धन्यवाद दिया।

# बेड़ो में गुमटी का शटर तोड़ कर चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुराने पंचायत भवन स्थित गुमटी का शटर तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना बुधवार की रात की है। भुक्तभोगी आभा देवी ने गुमटी में हुई चोरी को लेकर बेड़ो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इधर घटना के बाद गुरुवार की सुबह भुक्तभोगी महिला आभा देवी ने बताया कि बुधवार की रात को अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान में शटर तोड़कर दुकान में रखें बेचने वाले पेट्रोल, पान मसाला, गुटका, सिगरेट समेत कुछ रुपए अपने साथ ले गए।

# रातू फुटकलटोली के अलकमर कॉलोनी में चोरी नकद 60 हजार सहित 9 लाख के गहने ले उड़े चोर

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी में बुधवार की रात चोरो ने एक घर को निशाना बनाते हुए वहां से नकद 60 हजार रुपये सहित करीब नौ लाख रुपये के गहने आदि ले उड़े। इस बाबत भुक्तभोगी गजाला किन्नर ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता रांची कगजाला पुरानी स्थित बकरी बाजार की रहने वाली है। फिलहाल वह रातू के अलकमर कॉलोनी में हाजी हलीमा के घर पर किरायेदार के रूप में रहती है। बुधवार की रात 12 बजे से देर रात तीन बजे के बीच चोरों ने मकान की खिड़की में लगे अलमुनियम के ग्रिल को तोड़ कर घर के अंदर प्रवेश किया व अलीमार का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के कान का छाला, छह तोले का गले का हार, सोने का चार अंगूठी व 60 हजार रुपया नकद लेकर चंपत हो गए। उधर, जांच में उतरी पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो चोरों की करतूत उसमें कैद मिली।

# डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी की उपाधि पाकर मिथिलेश पांडेय ने बढ़ाया मान

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** रेवती नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 14 के मूल निवासी वीरेंद्र कुमार पांडेय के बेटे मिथिलेश कुमार पांडेय ने नगर का मान बढ़ाया है। उन्होंने जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय के कंप्यूटर एप्लीकेशन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की है। यह सम्मान उन्हें 9 नवंबर 2023 को विश्वविद्यालय की 27वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और वाइस चांसलर प्रोफेसर वंदना सिंह ने प्रदान दिया। इन्होंने अपना शोध ' डिटेक्शन आफ फिशिंग वेबसाइट यूजिंग मशीन लर्निंग' में डॉ मुनींद्र कुमार एवं प्रोफेसर बीबी तिवारी के सुपरविजन में निर्धारित समय तीन वर्ष में ही पूरा किया है। वर्तमान में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन में असिस्टेंट प्रोफेसर( गेस्ट) के पद पर कार्यरत हैं। इस उपलब्धि पर नगर सहित उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। वे अपना शोध कार्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में जारी करने के इच्छुक हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव की मां का निधन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केशा गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता बुदू उरांव की मां चरिया उराइन (60) का बुधवार को निधन हो गया। विगत चार दिन पहले अचानक तबियत बिगड़ गई थी। उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पति बुदका उरांव, बेटा बुदू उरांव, प्रदेशीय उरांव, बिरजू उरांव, चरवा उरांव व बेटी जितनी उराइन, गुंदू उराइन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके पैतृक गांव केशा में किया गया। इधर, बुदू उरांव की मां के निधन पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो कार्यकर्ता के घर पहुंचे और परिवार के लोगों का ढांढस बंधाया।

## खेल का आनंद



रांची में आयोजित एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के यूएसए बनाम जापान के बीच खेले गये सेमी फाइनल मुकाबले का दर्शक दीर्घा में बैठकर आनंद लेते 1970 राष्ट्रीय हॉकी टीम के दिग्गज खिलाड़ी पंजाब के बूटा सिंह सिधु।

### खुशखबरी : सेकंड फेस शहरी जलापूर्ति योजना का सपना होने जा रहा पूरा

# शहर को जल्द मिलेगी बड़ी सौगात: अरुणा शंकर

**पलामू के सांसद वीडी राम का सराहनीय रहा प्रयास**

आजाद सिपाही संवाददाता



अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बतायाा कि शहर का सबसे जरूरी मूलभूत समस्या मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना फेस-2 था, जिसका सपना अब जल्द पूरा होने जा रहा है। इसके लिए मैं पूरे अपने कार्यकाल में लड़ती रही। पर सरकार में टेंडर पर टेंडर करके लटकाया जाता रहा। इस योजना की शुरूआत मैंने महापौर का पद संभालते ही रघुवर दास की सरकार में की थी, जिसकी फंडिंग पलामू के सांसद वीडी राम से कहकर एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा कराया और काम करने की एजेंसी जडको को बनाई गई। फिर हमारी रघुवर सरकार चली गई और इस योजना को नई सरकार ने चार वर्ष तक लटका दिया। अब 4 वर्षों के बाद इस योजना को मूर्त रूप दिए जाने की प्रबल संभावना है। यह योजना हमारे कार्यकाल का और चुनाव में किए गए वादे का सबसे महत्वपूर्ण योजना है। प्रथम महापौर ने कहा कि जैसे ही यह योजना शुरू करने की घोषणा होगी, निगम क्षेत्र में खुशियों का माहौल छा जाएगा। खासकर हमारी माताओ एवं बहने जो दूर दराज से पानी लाने या पानी खरीदती रही है उन्हें शहरी जलापूर्ति योजना पूरी होने के साथ बड़े शहरों की तर्ज पर उनके सरोई घर में ही उनके नल से जल मिलने लगेगा जो अब तक एक सपने की तरह रहा है।

## बराही धाम मंदिर में जलाये जायेंगे 5100 दीये



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद का विश्वविख्यात बराही धाम में अयोध्या से जल और मिट्टी पहुंचा। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बराही धाम परिसर को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। बराही धाम मंदिर के पुजारी दिलीप मिश्र और अजीत चौबे ने बताया कि इस तिथि को धाम परिसर में विषेश अयोजन की तैयारी की जा रही है। इस दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के भगवान भास्कर छठ पोखरा घाट पर सरयू नदी का जल और मिट्टी को प्रवाहित किया जाएगा। साथ ही पूरे धाम परिसर में 5100 दीये जलाएं जाएंगे और विषेश पूजन, धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही भजन कीर्तन आयोजित किए जाएंगे। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय जमकर आतिशबाजी की जाएगी। मालूम हो की इस धाम परिसर में विश्व की प्रथम दक्षिणमुखी रामभक्त श्री हनुमान जी 105 फिट प्रतिमा स्थापित की गई है, जो वर्ष 2022 के सात मई को इसकी प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान जगदगुरू श्री सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोचार कर किया था। यह धाम अब पर्यटक स्थल के रुप में काफी तेजी के साथ विकसित हो रहा है। इस धाम का संचालन शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जाता है। मुख्य पूजारी ने उक्त तारीख को अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से आने की अपील की है।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से दिनदहाड़े दहला छतरपुर, हमलावरों ने व्यवसायी के बेटे को मारी गोली, हंगामा

### बाइक से पहुंचे तीन हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

**आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर जताया विरोध, अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर।** पलामू जिले के छतरपुर में गुरुवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने एक व्यवसायी के बेटे को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना छतरपुर थाना के समीप जपला रोड एचपी गैस एजेंसी के पास घटित हुई। गोली मारने के बाद हमलावर मौके से भागने में सफल रहे। हमलावरों की संख्या तीन बताई जा रही है। इसकी सूचना पाकर छतरपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई हैं। वहीं, घायल व्यक्ति की पहचान हरिहगंज निवासी व्यसायी शंकर गुप्ता के बेटे शुभम कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुभम व्यापार के जुड़े कलेक्शन के लिए छतरपुर आया था। वहीं पहले से घात लगाए हमलावरों से गोली मार दी। इससे छतरपुर के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। उधर, छतरपुर व्यवसायियों ने घटना में संलिप्त अपराधियों को अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। जबकि स्थानीय लोगों ने जपला मोड़ जाम कर अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। वहीं, पुलिस का कहला है कि जल्द ही हमलावरों को पकड़ लिया जाएगा।

## पलामू भाजपाइयों के साथ सांसद वीडी राम ने किया दीवार लेखन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा के दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ सासंद पलामू विष्णू दयाल राम ने गुरुवार को मेदिनीनगर हमीदगंज रोड में दीवार पर एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन लिखकर किया। सासंद ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व की कार्ययोजना के अनुसार पलामू संसदीय क्षेत्र में भी दीवार लेखन अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि दीवार लेखन अभियान 15 से 20 जनवरी तक चलेगा जिसके अंतर्गत सांसद-विधायक जिले में निवास करने वाले प्रदेश, जिला व सभी मंडलों के पदाधिकारियों को दीवार लेखन का कार्य करना है। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दूबे, सोमेश सिंह, शिव कुमार मिश्रा, मेदिनीनगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, संजय गुप्ता, भोला पांडे, राघवेंद्र तिवारी, सुशील सिंह, विशाल दूबे, जीवन लाठ, नंदलाल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में हुई बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भूमि उप समाहर्ता अमर जॉन आइंद ने की। जिसमें प्रखंड प्रमख राजकुमारी देवी, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, मजिस्ट्रेट शुभम बेला टोपनो, बीडीओ रोशन कुमार मौजूद थे। बैठक में पूर्व की तरह धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। विद्यालयों की ओर से अपने स्तर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। पूर्व की तरह सरकारी कार्यालयों व प्रमुख चौक-चौराहों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। कर्पूरी मैदान में अनुमंडलीय झंडोत्तोलन किया जाएगा। सभी महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर विशेष सफाई व रंग रोगन की जाएगी। मौके पर अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, एजाज हुसैन, प्रेमतोष कुमार सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, रामेश्वर राम, विष्णुकांत मिश्रा, अखिलेश विश्वकर्मा, निरंजन प्रसाद, शैलेश कुमार, सुनील कुमार, प्रो संजय कुमार सिंह, कमलेश सिंह, मो रब्बानी, राजेश सिंह, उपेंद्र कुमार, प्रो अशोक कुमार सिंह, रागिणी सिंह, उपेंद्र कुमार और भीम रमण आदि मौजूद थे।

# कलाकार हमेशा अपनी कला के माध्यम से समाज को दिखाते हैं दिशा : गिरधारी गर्ग

**- मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने बांटे कंबल व खेल सामग्री**
**- स्वर्गीय प्रभात कुमार मुखर्जी की स्मृति में होता है आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




जरूरतमंदों के बीच कंबल व कपड़ा वितरित करते मासूम आर्ट ग्रुप के सदस्य।

**मेदिनीनगर।** स्व प्रभात कुमार मुखर्जी स्मृति वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने गारू के सुरकुमी गांव में गुरुवार को जरूरतमंदों के बीच कंबल, कपड़े व खेल सामग्री वितरण किया। गौरतलब हो कि मेदिनीनगर के रंगकर्मियों द्वारा पिछले कई वर्षों से सुरकुमी गांव में वस्त्र वितरण किया जा रहा है। यह कंबल सह वस्त्र वितरण कार्यक्रम स्वर्गीय प्रभात कुमार मुखर्जी की स्मृति में किया जाता है, जो इस इलाके में असहाय लोगों के बीच वस्त्र वितरण के लिए जाने जाते थे। कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी गिरधारी गर्ग ने कहा कि कलाकार हमेशा अपने कला के माध्यम से समाज को दिशा दिखाते है। मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकार इससे एक कदम आगे जाकर जरूरतमंदों के लिए वस्त्र वितरण कर एक मिसाल पेश किये हैं। समाज के हर वर्ग के लोगों को इन कलाकारों का मदद करनी चाहिए, ताकि इस पुनीत कार्य को और भी गति मिल सके। मासूम के सचिव सह रंगकर्मी सैकत चटर्जी ने कहा की कई समाजसेवियों का इस कार्यक्रम को सफल करने में सहयोग रहा है। उन्होंने कहा की जल्द ही इस गांव के युवक युवतियों के बीच क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल के सामान वितरण कर इनको टीम बनाने में मदद की जाएगी। जरुरत होने पर शहर से अच्छे खेल प्रशिक्षकों से इन्हे प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। सभी के सहयोग से वस्त्र वितरण कार्यक्रम सफल हुआ है। रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती ने कहा कि कलाकार आपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए हर साल इस कार्यक्रम को आयोजित करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व आईएएस अनिल सिंह, पूर्व रेंज ऑफिसर संगम लाहिड़ी,जेएमएम के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा,कमल गर्ग,नन्दब्रत बोराल,शिल्पी अग्रवाल,जागृति अग्रवाल,उज्जवल सिन्हा,आभा मुखर्जी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मासूम आर्ट ग्रुप के मुनमुन चक्रवर्ती,अमर कुमार भांजा,राज प्रतिक पाल, सुरकुमी के ग्राम प्रधान नरेश सिंह,सुशील बिरजिया, रामावतार यादव,सुखन सिंह,पूरन कोरवा,बनारसी लोहार, कजरू सिंह आदि मौजूद थे।


## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी के प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सम्मान और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले दिनों लगे विज्ञान प्रदर्शनी में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विद्यालय की शिक्षिका मधु चौबे को सम्मान पूर्वक विदायी दी गयी। स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबूल ने मधु चौबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके कार्यालय की सराहना की। वहीं, समारोह में विज्ञान प्रदर्शनी के प्रथम हिमांशु व उसके ग्रुप न्यू पार्लियामेंट और ओल्ड पार्लियामेंट, द्वितीय दीपिका व उसके ग्रुप ट्रांसपोर्टेशन ऑफ ब्लड व तृतीय माही व उसके ग्रुप मल्टीपरपज प्रोजेक्ट बनाने के लिए मोमेंटो व सील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को 22वीं क्रिकेट टूर्नामेंट में उपविजेता होने पर भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह ने बच्चों के भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। मौके पर प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक शैलेश चौबे, अजीत तिवारी, मो लतीफ, नंदन ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, पीयूष पांडेय, विकासदीप चौबे, आभा चौबे, नूतन दूबे, प्रतिभा शुक्ला, प्रतिमा कुमारी, अंजली कुमारी, चंचल कुमारी आदि मौजूद थे।

# अबुआ आवास की सूची में नाम नहीं मिलने पर बीडीओ से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों काफी मारामारी चल रही है। ग्रामीण मुखिया और ग्राम पंचायत सेवक पर धांधली के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस दौरान गुरुवार को कुलहिया पंचायत के दर्जनों आवास लाभुकों ने जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश राम की अगुवाई में बीडीओ कार्यालय पहुंच कर सूची से नाम हटाने की शिकायत की। लोगों ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आवास के लिए आवेदन किया था और उसका रिसिविंग भी प्राप्त हुआ। बावजूद इसके मुखिया और ग्राम सेवक द्वारा सूची से नाम हटा दिया गया। इस पर बीडीओ राजेश एक्का ने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान जो रिसिविंग प्राप्त हुए हैं उसके साथ आवेदन लिख कर दे। योग्य लाभुक को जरूर आवास मिलेगा। वहीं ग्राम सेवक की ओर से कहा गया कि जांच के दौरान मिट्टी का घर दिखाया गया। दोबारा जांच की गई तो वहां पक्का मकान निकला। ऐसे लोगों को सूची से नाम हटाया जा रहा है।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक की गई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न संस्थानो और स्थलों पर 26 जनवरी को झंडा तोलन करने के लिए समय तय किया गया। साथ ही झंडा तोलन करने की तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने किया। बैठक में बीडीओ शेखर वर्मा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, बीपीआरओ बबन मांझी, शिवनारायण उरांव, विजय कुमार, बसंत कुमार समेत कई प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



गैर वरीय रूस की 57वें नबर की अन्ना ब्लिंकोवा ने ग्रैंड स्लैम इतिहास के एकल मैच में सबसे लंबे टाइब्रेकर में विश्व की नंबर तीन रीबाकिना को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

### ब्लिंकोवा ने ग्रैंडस्लैम इतिहास के सबसे लंबे टाईब्रेकर में हराया

# विश्व नंबर तीन रीबाकिना हारकर बाहर



**मेलबर्न (एजेंसी)।** गैरवरीय रूस की अन्ना ब्लिंकोवा ने ग्रैंड स्लैम इतिहास के एकल मैच में सबसे लंबे टाईब्रेकर में विश्व नंबर तीन रीबाकिना को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। विश्व रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज ब्लिंकोवा ने गुरुवार को दूसरे दौर के मैच का पहला सेट 6-4 से जीता, जबकि पिछले साल की फाइनलिस्ट रीबाकिना ने इसी स्कोर से दूसरा सेट जीता। तीसरा सेट 6-6 से बराबर हो गया और मैच टाई-ब्रेक में पहुंचा, जिसे ब्लिंकोवा ने 22-20 से जीत लिया। यह ट्राईब्रेकर 31 मिनट से अधिक समय तक चला। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के अनुसार, इसने 38 अंकों के पिछले सबसे लंबे टाई-ब्रेक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। निर्णायक सेट के दौरान टाईब्रेक में रूसी खिलाड़ी ने 12वें गेम में दो मैच प्वाइंट गंवाए और फिर इसके बाद रॉड लेवर एरेना में जो हुआ, वह रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया। टाईब्रेक के दौरान दोनों खिलाड़ियों के लिए मैच प्वाइंट आए और गए, लेकिन रीबाकिना ब्लिंकोवा से पार नहीं पा सकीं। मैच के बाद ब्लिंकोवा ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि क्या कहना है, यह बहुत कठिन था। मैंने हर अंक पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। ब्लिंकोवा ने कहा कि मेरे पास इतने सारे मैच पॉइंट थे और मैंने इन क्षणों में आक्रामक होने की कोशिश की, लेकिन मेरे हाथ-पैर कांप रहे थे। मैंने जहां तक संभव हो शांत रहने की कोशिश की और जीत हासिल करके बहुत खुश थी। खुद से यह कह रही थी कि बस मजबूत रहो और गेंद को कोर्ट में रखो।

## फ्रेंडली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला फोटोग्राफर ट्रेड एसोसिएशन की ओर से फ्रेंडली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्टील गेट स्थित सीसीडब्ल्यूओ ग्राउंड में किया गया। जिसमें संस्था की रेड और ब्लू टीम ने भाग लिया। सर्वप्रथम रेड टीम के कप्तान विवेक कुमार ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी किया। उन्होंने 16 ओवर में सभी विकेट खो कर 102 रन बनाएं। जिसे ब्लू टीम ने 14 ओवर में ही बड़ी आसानी से दो विकेट खोकर 104 रन बनाकर जीत लिया। विजेता टीम के कप्तान मनीष साह ने कहा कि टीम का यह उत्तम प्रदर्शन था। जीत में शशि कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी रही। वहीं, बल्लेबाजी में मनोज जी ने 45 रन बनाए जिसमें पांच गगनचुंबी छक्के लगाए। शंकर नाबाद 26 रन और अमन ठाकुर ने 20 रन बनाए। धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि फोटोग्राफर्स भाइयों के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी किया जाएगा। इस मैच में अंपायरिंग बाल गोपाल ने किया। मौके पर सचिव मनीष शाह, सुभाष सरावगी, अनूप साहू, पुरुषोत्तम पंडित, विवेक कुमार, रंजीत जायसवाल, बृजेश झा, दिनेश कुमार, इसरार, मनोज राठौर, संजय कुमार आदि थे।

## विद्यार्थी परिषद ने एनपीयू का किया घेराव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एकेडमी काउंसिल की बैठक के बाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के नाम पर छात्रों से छलावा बंद करने, एनसीसीएफ एजेंसी को निरस्त करने और लंबे समय से लंबित परीक्षाओं को अभिलंब दुरुस्त कराने आदि के नारे लगाए। लगभग एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रभारी कुलपति ने परिषद कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थित हुए। वहां प्रभारी कुलपति का ध्यान आकृष्ट कराते हुए निम्न बिंदुओं पर घेराव किया गया। जिसमें नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में पूर्व में आयोजित पीएचडी एंट्रेंस की अब तक जांच नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए जांच पूर्ण कर पुनः परीक्षा आयोजित करने, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष पर अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं होने, स्नातक में योगा के शिक्षक नहीं होने से हजारों छात्रों को फेल कर देने और राज्यपाल के निर्देश के बाद भी चैनपुर मॉडल कॉलेज को अब तक शुरू नहीं करने आदि शामिल था। इस पर कुलपति ने छात्रों को शांत करते हुए सभी विषयों पर एक हफ्ते के अंदर उचित कार्रवाई करने का समय मांगा है। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे, जिला संयोजक सुमित पाठक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कश्यप, अभिषेक रवि, गीतांजलि कुमारी, विपिन यादव, उत्कर्ष तिवारी, रामाशंकर पासवान आदि उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## गर्म ओबी की चपेट में आकर महिला झुलसी, बाल-बाल बचे उसके बच्चे

**धनसार (आजाद सिपाही)।** इंडस्ट्री गोरखरपुरिया धौड़ा स्थित गर्म ओबी की चपेट में आने से सैरून निशा नामक 35 वर्षीय महिला गुरुवार को बुरी तरह झुलस गई। हालांकि उसके साथ में मौजूद उसके बच्चे सलमान और अरमान बाल-बाल बच गए। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोग वहां पहुंच गए और जश्रसं शंकर कुमार के नेतृत्व में हंगामा करते हुए दो घंटा कार्य ठप करा दिया। हंगामा के बाद आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने घायल सैरून निशा को इलाज के लिए जोड़ाफाटक रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, घायल महिला ने बताया कि वह गुरुवार की सुबह अपने दो छोटे बच्चों के साथ इंडस्ट्री स्थित झाड़ियों में शौच करने गई थी। तभी वहां आउटसोर्सिंग की ओर से गिराए जा रहे गर्म ओबी की चपेट में आ गई। जबकि दोनों बच्चे भाग कर अपनी जान बचाई। उसका पति हमीद टोटो चलाता है। वहीं, अस्पताल भेजे जाने के बाद आउटसोर्सिंग का काम शुरू कराया गया। घटना की जानकारी पाकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रिंकू शर्मा ने विश्वकर्मा परियोजना पदाधिकारी से बात कर महिला को समुचित इलाज कराने व आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। कहा कि अगर इस महिला को मुआवजा नहीं दिलाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## बेरमो विधायक से मिला कथारा पत्रकार एकता मंच का प्रतिनिधिमंडल, प्रेस क्लब को लेकर हुई चर्चा



**कथारा (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के ढोरी स्थित आवासीय कार्यालय में पत्रकार एकता मंच कथारा के प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने मुलाकात की। संगठन के अध्यक्ष जगदीश महतो उर्फ मास्टर ने विधायक को बताया कि कथारा में निर्माण होने वाले प्रेस कार्यालय भवन बनने का कार्य इसलिए शुरू नहीं हो पा रहा, क्योंकि सीसीएल प्रबंधन द्वारा एनओसी पत्र अब तक निर्गत नहीं हो पाया है। इस पर विधायक ने तत्काल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता से फोन से बात कर एनओसी के संबंध में अब तक हुए प्रक्रिया के संदर्भ में जानकारी ली। महाप्रबंधक ने विधायक को बताया कि एनओसी के लिए कागजात मुख्यालय भेजा गया है। इसके बाद विधायक ने रांची में रहने वाले सहयोगी से फोन से संपर्क कर सीसीएल के सीएमडी से मिलकर उक्त एनओसी का कार्य पूरा कराने का दायित्व सौंपा। विधायक ने पत्रकारों के शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि जनहित के कार्यो को लेकर वे सदैव तत्पर रहते हैं। क्षेत्र के कलमकार अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सके, इसके लिए क्षमता के अनुरूप पूरा सहयोग किया जाएगा। मौके पर संगठन के सचिव विजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एसपी सक्सेना, सजेश गुप्ता, चंद्रशेखर कुमार, पवन कुमार सिंह, मुकेश कुमार, जगदीश भारती, अनिल वर्णवाल आदि उपस्थित थे।

## थाने में शिकायत के बावजूद डीजल चोरी जारी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा परियोजना में डीजल चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार की रात डीजल लूटेरों का दल विश्वकर्मा फेस में आ धमके। वाहन आपरेटरों को हथियार का भय दिखाकर मशीनों से डीजल निकालने लगे। इसकी सूचना मिलते ही सीआइएसएफ की क्यूआरटी दल ने इलाके में सर्च आपरेशन चलाया। इस दौरान सीआइएसएफ ने फेस में खड़ी मशीन के पास से आठ गैलन सहित 100 डीजल बरामद किया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर सभी डीजल लूटेरे मौके से भागने में सफल रहे। वहीं, सीआइएसएफ ने जब्त डीजल और गैलन को धनसार कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया। बता दें कि इन दिनों धनसार कोलियरी प्रबंधन डीजल चोरी से परेशान हैं। कई बार धनसार और झरिया थाना में शिकायत की गई। बावजूद इसके डीजल चोरी रूकने का नाम नहीं ले रहा।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में तंबाकू छोड़ने व छुड़वाने की ली गयी शपथ



**महुदा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के जिला नोडल पदाधिकारी, धनबाद जिला एनसीडी सेल के तत्वाधान में तेलमोचो जनकल्याण विकास केंद्र सभागार में एनजीओ के सदस्यों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं छात्र-छात्राओं के बीच राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू सेवन से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों से संबंधित स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एनसीडी सेल धनबाद से आए सुधांशु एवं राहुल ने उपस्थित सभी एनजीओ के अधिकारियों एवं समाजसेवियों को विस्तार पूर्वक तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया एवं सभी को तंबाकू छोड़ने की शपथ दिलायी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के सचिव दुखू महतो ने बताया कि हमारे देश में तंबाकू के सेवन से युवा पीढ़ी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। तंबाकू के सेवन से कई परिवार उजड़ रहे है एवं अपनी कमाई को नशीली पदार्थ के सेवन में लगा रहे हैं। कहा कि आज सभी युवाओं को शपथ लेनी चाहिए की ना तो हम तंबाकू का सेवन करेंगे और ना ही किसी को सेवन करने के लिए प्रेरित करेंगे तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा और देश तंबाकू मुक्त बन पायेगा। प्रशिक्षण कार्यशाला में बबलू रजक, डॉक्टर पीके विश्वास, वामापद सूत्रधार, मोहन रवानी, संजना देवी, हीरा देवी, लक्ष्मी देवी, गेंदा देवी, सरिता, कल्पना, रिंकी, कमली देवी, कालों सिंह, सुनील महतो, कन्हाई लाल चक्रवर्ती, गयाराम राय व गोविंद महतो आदि थे।

## सिजुआ की खदानों में लोहा चोरों का आतंक, जान बचा कर भाग रहे बीसीसीएल कर्मचारी

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या-5 अंतर्गत मुडीडीह कोलयरी के खदानों में इन दिनों लोहा चोरों का आतंक देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन लाखों रुपये का लोहा निकाल कर ठिकाने लगा रहे है, लेकिन प्रबंधन और सीआइएसएफ ने चुप्पी साध रखी है। इससे अवैध धंधेबाजों का मनोबल बढ़ते ही जा रहा है। वही, बीसीसीएल कर्मी जब खदान में पानी का मोटर चलाने के लिए जाते हैं तो चोरों द्वारा उनके साथ मारपीट की जा रही है। नौबत यहां तक पहुंच रही है कि बीसीसीएल कर्मचारी अपनी जान बचाकर भागने लगे हैं। वहीं, मामले को लेकर कई ट्रेड यूनियन के नेता सहित इनमोसा के वरीय नेता सुरेंद्र सिंह ने भी बार-बार प्रबंधन और सीआइएसएफ को मामले से अवगत कराया पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र संख्या-4 के वेस्टमुडीडीह खदान के रास्ते चोर क्षेत्र संख्या 5 के सिजुआ मुनिडीह खदान में प्रवेश कर उत्पात मचाते है जिसकी जानकारी उन लोगों ने महाप्रबंधक एमएस दूत को देकर खदान में वॉलिंग करने का आग्रह किया गया, लेकिन उन्होंने 22 जनवरी तक कुछ भी कार्य करने से इन्कार कर दिया।

### असंगठित मजदूरों की दो सूत्री मांगों को लेकर धनबाद विधायक ने प्रबंधन के साथ की बैठक

# विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट में प्रबंधन कोयले का उठाव असंगठित मजदूरों से करवाये : राज सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनसार।** विश्वकर्मा परियोजना के कोलियरी कार्यालय में गुरुवार को भाजपा विधायक राज सिन्हा ने असंगठित मजदूरों के दो सूत्री मांग को लेकर प्रबंधन के साथ वार्ताकी। कहा कि विश्वकर्मा परियोजना लोडिंग पॉइंट में फॉरवर्ड डीओ ऑफर कोयला का उठाव का कार्य असंगठित मजदूरों से कराया जाए। प्रबंधन पे लोडर के माध्यम से फॉरवर्ड डीओ कोयला का उठाव नहीं कराए। वहीं, युवा बेरोजगार मंच के असंगठित मजदूरों को प्रबंधन ने चार दंगल देने का वादा किया था। अब तक युवा बेरोजगार मंच समर्थित असंगठित मजदूरों को तीन दंगल ही दे पाया है। जिससे कई मजदूर कोयला लोडिंग का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। मंच के समर्थित मजदूरों को चौथा दंगल दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के टालमटोल रवैया के कारण असंगठित मजदूरों में आक्रोश है। अगर प्रबंध दो सूत्री मांग पर सकारात्मक पहल नहीं करता है तो परियोजना में औद्योगिक वातावरण बिगड़ सकता है। उधर, युवा बेरोजगार मंच के अध्यक्ष गुड्डु सिंह ने कहा कि कई महीने बीत जाने के बाद भी प्रबंधन लंबित मांग को पूरा नहीं कर रहा है। प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मैन्युअल लोडिंग के लिए वरीय अधिकारियों से बात किया जाएगा। असंगठित मजदूरों की मांग पर उन्होंने सकारात्मक पहल करने का बात कही। इस मौके पर शिव शंकर सिंह, बालेश्वर चौहान, प्रदीप राम, अनुग्रह नाथ सिंह, अजगर अंसारी, संजय कुमार, गिरिजा देवी, काजल देवी और मीना देवी आदि मौजूद थे।



असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर प्रबंधक से बातें करते विधायक राज सिन्हा।

## ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिले अनिल अग्रवाल, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें समाज के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने अपने संस्था द्वारा जन कल्याण मे किए जा रहे कार्यों से भी रघुवर दास को अवगत कराए। इसी क्रम में सामज व अन्य समस्याओं से अवगत कराया। वहीं, राज्यपाल रघुवर दास ने सभी समस्याओं से अवगत होते हुए समाधान के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सरहना भी की।



## भाजपा कर रही धर्म की राजनीतिः अरूप चटर्जी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**निरसा।** प्रखंड मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन गुरुवार को निरसा पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉ कार्तिक चंद्रा दत्ता और संचालन प्रखंड सचिव मुमताज अंसारी ने किया। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक व मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने कहा कि मासस कार्यकर्ताओं की पार्टी है। वहीं, भाजपा पर महंगाई और बेरोजगारी जैसे मूल मुद्दों को छोड़कर धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि महंगाई चरम पर है। कल कारखाने बंद हो रहे हैं। धनबाद के सांसद पीएम सिंह को कभी भी लोकसभा के सदन में जन मुद्दों को उठाते नहीं देखा गया। नौजवानों के पास कोई रोजगार नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों के बीच जाकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वहीं, मासस के पूर्व अध्यक्ष आगम राम ने कहा कि मासस यहां की माटी की पार्टी है। अत्याचार के खिलाफ हमेशा से संघर्ष करते आ रही है। मौके पर जिप सदस्य बादल चंद्र बांवरी, लालू ओझा, प्र अध्यक्ष टुनटुन मुखर्जी, सपन गोराई, लखन सिंह, मान शंकर सिंह, दिनेश सिंह (मुखिया), वासुदेव महतो, मंगल गोराई, निरंजन गोराई, भक्ति पदों मोदी, नतासा मुर्मू, नरेश महतो, शंकर सिंह, बंशीधर मंडल, सुखलाल सोरेन, संजय गोराई, मिहिलाल सोरेन, ईश्वर नाग, काजल सहानी, रामाकांत भंडारी, जनक भंडारी, रवि लाला और मदन दे आदि थे।



### विहिप-आरएसएस ने किया आमंत्रित व सम्मानित

## 22 को प्राण प्रतिष्ठा में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती भी होंगी शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण प्राप्त हुआ है।चिन्मय विद्यालय में विश्व हिंदू परिषद (विहिप), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएफ) बोकारो एवं बजरंग दल के पदाधिकारी ने स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती को प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने के लिए निमंत्रण दिया एवं सम्मानित किया। इस अवसर पर परम पुज्य स्वामिनी ने कहा कि मेरे प्रभु श्रीराम एवं परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद है कि प्रभु श्री रामजी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर मुझे आमंत्रित किया गया। पिछले 500 सालों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम अपने मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। मैं खुद को धन्य मानती हूं कि मुझे भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। स्वामिनी जी ने कहा कि विहिप ने इस शुभ घड़ी के लिए आंदोलन को मुकाम तक पहुंचने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और हमारे परम पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती विश्व हिंदू परिषद के संस्थापक सदस्यों में थे। कहा कि हर सनातनी परिवार को अपने परिवार के साथ अयोध्या जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन अवश्य करने चाहिए। 22 जनवरी को विश्व स्तर पर सभी चिन्मय मिशन केंद्र एवं चिन्मय विद्यालय में विशेष भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी सनातनी 22 जनवरी को अपने घरों में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को विशेष रूप से मनाए एवं घरों में दीप प्रज्वलित कर भक्ति संगीत का आनंद लें। इस मौके पर चिन्मय विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगांवकर, विश्व हिंदू परिषद बोकारो के अध्यक्ष संतोष कुमार, मंत्री संजीव कुमार, राजेश दूबे, हरेराम पोद्दार, धीरेंद्र गोप, रमन झा, अजीत पांडे पुनीत दोषी, सुप्रिया चैधरी, संजीव सिंह, रजनीश चैधरी, रणधीर नारायण, रागिनी मिश्रा और अंजनी आदि उपस्थित थे।





**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 04/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-18.01.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/KODERMA/05 /2023-24 | प्रखण्ड चन्दवारा अन्तर्गत भोण्डो ग्राम पिपराही (बेहराय) से नावाडीह तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.600 कि0मी0) | 1,60,81,900/- | एक करोड़ साठ लाख इक्यासी हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| | RWD/KODERMA/06 /2023-24 | प्रखण्ड चन्दवारा अन्तर्गत खांडी पंचायत ढाब पी0डबल्यू0डी0 रोड से छठ घाट भाया गजुरे तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.200 कि0मी0) | 1,67,90,800/- | एक करोड़ सड़सठ लाख नब्बे हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–27.01.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–08.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–09.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा, झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933؁06534.297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.316387 Rural Work Department(23-24):D



झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड

कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला– 835207

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0– 64 दिनांक– 11.01.2024 के आलोक में कृशक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन गुमला जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृशक/स्वयं सहायता समूह/कृशक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक 30.01.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला में जमा कर सकते हैं।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे०/इकाई/संख्या में)

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Dragon Fruit (Kamalam) - Integrated package with drip irrigation and trellis (in ha.) | 4 |
| 2 | Dragon Fruit (Kamalam)- Without integration (in ha.) | 2 |
| 3 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) (in ha.) | 5 |
| 4 | Strawberry - Without integration (in ha.) | 0.5 |
| 5 | Banana (TC) (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 10 |
| 6 | Banana (TC) - Without integration (in ha.) | 1.5 |
| 7 | Papaya (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 6 |
| 8 | Papaya -without integration (in ha.) | 0.5 |
| 9 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 7 |
| 10 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) (in ha.) | 10 |
| 11 | Sapota (Rs.45400/ha) (in ha.) | 5 |
| 12 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) (in ha.) | 15 |
| 13 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) (in ha.) | 5 |
| 14 | Aonla (Rs.40008/ha) (in ha.) | 2 |
| 15 | Bael (Rs.48400/ha) (in ha.) | 2 |
| 16 | Litchi (Rs.28000/ha) (in ha.) | 2 |
| 17 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 1 |
| 18 | Maintenance of fruits orchard ( Mango, Guava.)(2021-22) | 27 |
| 19 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) (in ha.) | 75 |
| 20 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) (in ha.) | 10 |
| 21 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) (in ha.) | 10 |
| 22 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 10 |
| 23 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs. 30,000/ha) (in ha.) | 14 |
| 24 | Rejuvenation/ replacement of senile plantation including Canopy management (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 1 |
| 25 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 3000 |
| 26 | Plastic Mulching (in Ha.) | 30 |
| 27 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 2000 |
| 28 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 29 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 1000 |
| 30 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 31 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production- HDPE Vermibed (in Nos) | 30 |
| 32 | Pack house/ on farm collection & storage unit (in Nos) | 8 |
| 33 | PHM- Primary/ Mobile/ Minimal Processing Unit (DPR Based) (in Nos) | 1 |
| 34 | Training of farmers- Within the State (in Nos) | 250 |
| 35 | Training of farmers- Outside the state (in Nos) | 25 |
| 36 | Exposure visit of farmers- Outside the state (in Nos) | 25 |
| 37 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber (in Nos) | 1 |

नोट :–
1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. ST, SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) एवं Marginal Farmers का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 30.01.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र/कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
गुमला।

PR 316392 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D

# कायाकल्प टीम ने सहकर्मी मूल्यांकन के लिए एम्स भुवनेश्वर का दौरा किया

### अनुकरणीय प्रबंधन मानकों के लिए सराहना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) की कायाकल्प टीम, जिसमें एम्स पटना के तीन सदस्य शामिल हैं, जिनमें डॉ सुजीत कुमार सिन्हा, डॉ बिजयानंद नाइक और डॉ असीम सरफराज शामिल हैं, हाल ही में एक कार्यक्रम आयोजित किया। एम्स, भुवनेश्वर का सहकर्मी मूल्यांकन दौरा किया। टीम ने प्रबंधन प्रणाली के उच्च मानक बनाये रखने के लिए राष्ट्रीय संस्थान के प्रयासों की सराहना की। अपनी यात्रा के दौरान, कायाकल्प टीम ने एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापक मूल्यांकन किया। टीम में चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा और डॉ एमसी साहू, डॉ अरविंद सिंह, डॉ अशोक कुमार जेना, डॉ गौरव छाबड़ा, डॉ धारीत्री स्वैन, डॉ सुबर्णा मित्रा, डॉ महालिंगम वेंकटेशन, एसई शामिल थे। (प्रभारी) सी आर राउत, डॉ विश्वजीवन साहू ने ओपीडी, आईपीडी, ओटी, आईसीयू, ट्रॉमा और इमरजेंसी, सीएसएसडी और रसोई सहित विभिन्न विभागों का दौरा किया। उन्होंने सभी प्रासंगिक दस्तावेजीकरण प्रक्रियाओं की सावधानीपूर्वक समीक्षा की और कर्मचारियों और रोगियों दोनों के साथ बातचीत करते हुए अस्पताल का भौतिक निरीक्षण किया। दिन के अंत में कार्यकारी निदेशक डॉ विश्वास की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम में मूल्यांकन टीम ने अस्पताल के कामकाज पर अत्यधिक संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से उच्च प्रबंधन मानकों को बनाये रखने के लिए एम्स भुवनेश्वर की सराहना की, विशेष रूप से कायाकल्प योजना की चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान जिसे कोविड और पोस्ट-कोविड अवधि के कारण रोक दिया गया था। राज्य के एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान, एम्स भुवनेश्वर को स्वच्छता, स्वच्छता को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्थायी प्रथाओं के निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पहले ही लगातार तीन बार कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। कायाकल्प पुरस्कार योजना, स्वच्छ भारत मिशन का विस्तार, 15 मई 2015 को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं में सुधार और बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी थी। यह अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को प्रोत्साहित करने और देश भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं (पीएचएफ) में स्वच्छता, स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करने का कार्य करता है।

## संबलपुर मंडल छह दक्षता शील्ड से पुरस्कृत



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर रेल मंडल ने 17 जनवरी 2024 को भुवनेश्वर में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2023 समारोह में 6 दक्षता शील्ड (संरक्षा, सिविल इंजीनियरिंग, यांत्रिक, सुरक्षा, रेल मदद और सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ स्टेशन (माइनर) बरगढ़ रोड स्टेशन) हासिल किये। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने शाखा अधिकारियों के साथ पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा से शील्ड प्राप्त की। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने रेलवे के विकास में बहुमूल्य योगदान के लिए दक्षता शील्ड प्राप्त करने वाले सभी पुरस्कार विजेताओं और विभागों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए इस भावना को जारी रखने की सलाह दी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.:** 1, **ई. निविदा सं. :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–58–23–24, **कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेल धनबाद मंडल में उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/धनबाद के अन्तर्गत विभिन्न रेल लाईन परियोजना के निर्माण के संबंध में 2 वर्षों के लिए धनबाद कार्यालय और परिसर का रखरखाव, बागवानी कार्य और अन्य संबंधित आवश्यक निर्माण कार्य।, **अंकलित मूल्य (रू.):** 82,06,637.29, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) :** 0.00, **अग्रधन राशि (रू.) :** 1,64,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 24 (चौबीस) माह।, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 07.02.2024 at 15.30 बजे अपराह्न।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएँगें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02116/कॉन/इंजी./टी/23-24/48


# टाटा स्टील मेरामंडली हाफ मैराथन को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

TATA STEEL
#WeAlsoMakeTomorrow

**भुवनेश्वर।** ढेंकनाल के जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित की जा रही टाटा स्टील मेरामंडली हाफ मैराथन को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि इसे एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस (एआईएमएस) से अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। एआईएमएस दूरी मापने वाले अमरी शानेदीवान ने पहले टाटा स्टील के खेल और जिला प्रशासन, ढेंकनाल के सहयोग से कपिलश वन्यजीव अभयारण्य की परिधि पर हाफ-मैराथन के मार्ग का आकलन किया था और प्रमाणीकरण की सिफारिश की थी। एआईएमएस, एक वैश्विक संगठन जिसका मुख्यालय मोनाको में है, जो दुनिया भर में मैराथन और लंबी दूरी की दौड़ का प्रतिनिधित्व करता है, उन्होंने इस हाफ-मैराथन पाठ्यक्रम की जांच की है, जो इस आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

दौड़ में भाग लेने वाले धावक अब भविष्य में किसी भी एआइएमएस-प्रमाणित अंतर्राष्ट्रीय मैराथन में भाग ले सकेंगे। 4 फरवरी, 2024 को होने वाली टाटा स्टील मेरामंडली हाफ-मैराथन, कपिलाश वन्यजीव अभयारण्य की सुरम्य पृष्ठभूमि में ढेंकनाल शहर के पास होगी। इस वर्ष के आयोजन में तीन प्रतिस्पर्धी दौड़ें होंगी-19 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए 21 किमी और 10 किमी की दौड़, और 14 से 19 वर्ष की आयु के लड़कों और लड़कियों के लिए 5 किमी की दौड़। 28 दिसंबर, 2023 को ढेंकनाल के जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट मनोरंजन मलिक ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और टाटा स्टील के अधिकारियों की उपस्थिति में इस दौड़ की औपचारिक घोषणा की थी।

# ओड़िशा कप 2023 शानदार अंदाज में संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** संयुक्त अरब अमीरात का ओड़िशा कप खेल संघ गर्व से ओड़िशा कप के भव्य 10वें संस्करण के सफल समापन की घोषणा करता है, जो दुनिया का सबसे बड़ा प्रवासी ओड़िया क्रिकेट टूर्नामेंट है। यह मील का पत्थर आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट स्थल पर हुआ और 14 जनवरी, 2024 को समाप्त हुआ। इस वर्ष के ओड़िशा कप में सभी अमीरात की 14 टीमों की अभूतपूर्व भागीदारी देखी गयी, जिससे यह 2014 में अपनी स्थापना के बाद से सबसे बड़ा संस्करण बन गया। 8 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ टूर्नामेंट उत्कल चैलेंजर टीम और फुजैराह ओड़िया टीम के बीच एक रोमांचक फाइनल मैच के साथ अपने चरम पर पहुंच गया। एक रोमांचक मुकाबले में, फुजैरा ओड़िया उत्कल चैलेंजर्स के खिलाफ 108 रनों का लक्ष्य रखते हुए विजयी हुए। समीर मथान के शानदार प्रदर्शन, 28 गेंदों में 30 रन और अभिषेक महापात्र द्वारा 11 गेंदों में 20 रनों की शक्तिशाली पारी ने फुजैराह ओड़िया के प्रभावशाली कुल में योगदान दिया। इसके जवाब में उत्कल चैलेंजर्स अक्षय कुमार साहू और समीर मथान की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 103 रन ही बना सकी। समीर मथान को उनकी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच उत्साही भीड़ के सामने खेला गया, जिसमें उड़िया लोग शामिल थे, जो अपने परिवारों को क्रिकेट के इस महाकुंभ को देखने के लिए लेकर आये थे। इस कार्यक्रम में उड़िया स्नैक्स और व्यंजनों की एक श्रृंखला पेश की गयी, जो खिलाड़ियों और दर्शकों के समग्र अनुभव को बढ़ाती है। प्रसिद्ध भारतीय निर्देशक, अभिनेता और ओड़िशा के राजनेता प्रशांत नंद ने इस अवसर पर शिरकत की और देश के बाहर इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि भारत के वाणिज्य दूत (वीजा और सामुदायिक मामले) उत्तम चंद ने ओड़िशा कप के निरंतर विकास की आशा करते हुए प्रतिभागियों और आयोजकों की सराहना की। सैलाज दास टर्बो पावर इंजीनियरिंग के वरिष्ठ सलाहकार और प्रबंध निदेशक जो एक प्रमुख अनिवासी ओड़िया और टूर्नामेंट के शीर्षक प्रायोजक ने खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के समर्पण को स्वीकार करते हुए खुशी व्यक्त की।






# जिंदल स्टेनलेस ने तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

> **तीसरी तिमाही में कंपनी की एकल बिक्री 5,12,015 मैट्रिक टन (एमटी) रही, जो कि पिछले वर्ष की तुलना मेंलगभग 9% अधिक है।**

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने आज वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। स्वस्थ घरेलू मांग के कारण, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में कंपनी की एकल बिक्री 5,12,015 मैट्रिक टन (एमटी) रही, जो किपिछले वर्ष की तुलना मेंलगभग 9% अधिक है। हालांकि, उन्नत उत्पादसम्मिश्रण के लिए उत्पादन में तेजी लाने के उद्देश्य से संयंत्रों में नियोजित रखरखाव के कारण पिछली तिमाही की तुलना में6% की मामूली गिरावट देखी गयी। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में कंपनी की एकल शुद्ध आय 9,088 करोड़ रुपये दर्ज की गयी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1% की मामूली वृद्धि को दशार्ती है। इस तिमाही में एकल एबिट्डा 1,021 करोड़ रुपये, और कर पश्चात एकल मुनाफा (पीएटी) 779 करोड़ रुपये रहा। तिमाही का शुद्ध ऋण 3,085 करोड़ रुपये दर्ज किया गया औरशुद्ध ऋण-इक्विटी अनुपातप्त 0.23 पर बरकरार रहा। तिमाही का शुद्ध ऋण/एबिट्डा 0.72 रहा। इस बीच, समेकित शुद्ध आय 9,127करोड़ रुपये दर्ज की गयी। समेकित एबिट्डाऔर कर पश्चात मुनाफा क्रमशः 1,246करोड़ रुपये और 691करोड़ रुपये रहे। स्टेनलेस स्टील की घरेलू मांग लगातार बढ़ रही है, ऑटो सेक्टर में सभी क्षेत्रों में वृद्धि देखी जा रही है तथा सजावटी पाइप और ट्यूब क्षेत्र में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी है। कंपनी ने अपने मौजूदा उत्पाद पोर्टफोलियो में वायर रॉड और रीबार्स जैसे लंबे उत्पादों को शामिल करके अपने उत्पाद की पेशकश को व्यापक बनाने के लिए गाजियाबाद में अपनी नयी अधिग्रहीत सुविधा में उत्पादन शुरू कर दिया है, और वित्त वर्ष 2025 में परिचालन में तेजी लाई जायेगी। वैश्विक मांग में कमी, मूल्य निर्धारण दबाव, स्टॉक घटाने और लाल सागर में सामने आये भूराजनीतिक मुद्दों के बावजूद, कंपनी भारत के बाहर बिक्री बनाए रखने में कामयाब रही। पहली बार, कंपनी ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित जलवायु शिखर सम्मेलन कॉप 28 में अपनी डीकार्बनिकरण पहल का प्रदर्शन किया और घोषणा की कि वह 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले कार्बन उत्सर्जन में कमी के अपने मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) द्वारा अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड लागू किये जाने से तिमाही में 200 सीरीज ग्रेड के सब्सिडी वाले और अवमानक विदेशी आयात के प्रवाह पर अंकुश लगा। हालांकि, मुख्य रूप से चीन और वियतनाम से 300 सीरीज के आयात में 73% की तीव्र वृद्धि हुई। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह तिमाही घटनाओं से पूर्ण रही है, हमने पहली बार कॉप 28 में व्यवसाय के रूप में अपने डीकार्बनिकरण प्रयासों पर प्रकाश डाला। स्टेनलेस स्टील बाजारों में वैश्विक मंदी के बावजूद, घरेलू बाजार में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। भारत के निकट और सुदूर भविष्य को देखते हुए, हम अगली तिमाही में अपने लक्ष्य पूरे करने को लेकर आश्वस्त हैं। हम हरित विनिर्माण, परिचालन उत्कृष्टता, व्यवसाय विकास और राष्ट्र-निर्माण पर अपनी ऊर्जा केंद्रित करना जारी रखेंगे।"

## किस की छात्रा गायत्री सबर ने रजत पदक जीता



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में राजस्थान के श्री गंगानगर में 14 से 18 जनवरी 2024 तक 67वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स जूडो अंडर – 19 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। किस की छात्रा मिस गायत्री सबर ने उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ओड़िशा का प्रतिनिधित्व किया और जूडो (36 केजी श्रेणी) में ओड़िशा के लिए रजत पदक जीता। कंदन मुर्मू कोच और सुश्री अशरहिल किस्पट्टा प्रबंधक सीएचएसई टीम के साथ थे। किट और किस के संस्थापक और कंधमाल के सांसद प्रो अच्युत सामंत, ओड़िशा राज्य जूडो एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और काउंसिल हायर सेकेंडरी एजुकेशन के अध्यक्षों और संपादक ने उन्हें ओड़िशा के लिए रजत पदक जीतने पर बधाई दी।





वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !







## न्यायमित्र ने हाइकोर्ट को बताया नाट मंडप की मरम्मत का काम 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जायेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक हाईकोर्ट में श्रीमंदिर जगमोहन, नाट मंडप के मरम्मत मामले की सुनवाई हुई है। न्यायमित्र ने हाई कोर्ट को बताया कि 10 तारीख को बीम डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया था। नाट मंडप की मरम्मत का कार्य 30 अप्रैल तक पूरा कर लिया जायेगा। इसकी जानकारी न्यायमित्र ने हाई कोर्ट को दी। अदालत ने एएसआई को मरम्मत कार्य के संबंध में हलफनामा (सत्यपाठ) दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई अगले हफ्ते होनी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 18 दिसंबर को न्यायमित्र ने श्रीमंदिर नाट मंडप की मरम्मत से संबंधित मामले में उच्च न्यायालय को स्थिति रिपोर्ट सौंपी थी। न्यायमित्र ने उच्च न्यायालय को एक रिपोर्ट सौंपी थी कि श्रीमंदिर नाट मंडप बीम की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। जगमोहन और नाट मंडप के बीच की लकड़ी और मूर्तियों को खोला गया और श्रीजगन्नाथ संग्रहालय में रखा गया है। न्यायमित्र ने कहा कि नाट मंडप बीम पर लगाये जाने वाले एक्सेस बॉक्स का डिजाइन तैयार है और इसमें उपयोग की जाने वाली सामग्री के लिए टैंडर प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी। इसके लिए उन्होंने कोर्ट को बताया कि बैठक 19 दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच होगी।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**